दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

n वर्ष : 11 अंक : 61 | जयपुर, शनिवार 21 मार्च, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए | पृष्ठ : 8+st

## सिंधी समाज मेहनती,कर्मठ, और राष्ट्र प्रेमी है, हमारी सरकार और पार्टी सिंधी समाज के साथ खड़ी है : भजनलाल शर्मा

### जयपुर में गंगौरी बाजार में चौहान स्टेडियम में भगवान झूलेलाल जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री और शोभा यात्रा को किया रवाना, कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, विधायक बालमुकुंद आचार्य सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और सिंधी समाज से जुड़े प्रबुद्ध लोग रहे शामिल





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि सिंधी समाज शुरू से ही काफी मेहनती, कर्मठ, समाजसेवी, साहसी और देश प्रेमी रहा है और समाज प्रदेश और देश के विकास में सिंधी समाज का बड़ा योगदान रहा उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और हमारी सरकार पहले भी सिंधी समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई थी और आज भी सिंधी समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है और आगे भी सिंधी समाज के कल्याण और विकास के लिए सरकार और हमारी पार्टी हमेशा खड़ा रहेगी मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को राजधानी जयपुर में गंगौरी बाजार में चौहान स्टेडियम पर भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे ।मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वर्ष 1947 में जब भारत आजाद हुआ और भारत के टुकड़े हुए उस समय सिंधी समाज के लोगों ने काफी पीड़ा और कष्ट देखें यहां तक की समाज के लोगों के धंधे तो चौपट हुई ही इसके अलावा परिवार के लोग भी आपस में बिछड़ गए कई परिवार ऐसे थे जिनमें कुछ सदस्य पाकिस्तान में रह गए और कुछ सदस्य यहां रह गए कई लोगों के बदन पर ठीक तरह से कपड़े तक नहीं थे इतने कष्ट और दुख झेलने के बाद भी सिंधी समाज के लोगों ने काफी संयम धैर्य और साहस बनाए रखा और कड़ी मेहनत करके खुद को समाज प्रदेश और देश में साबित किया उन्होंने कहा कि सिंधी समाज के लोग जितने मेहनती हैं उतने ही परोपकारी और समाज सेवा के कामों में भी अपनी भूमिका निभाते हैं, सामाजिक, सांस्कृतिक व्यापारिक, खेल हर तरह के कार्यक्रमों में सिंधी समाज की भूमिका काफी अच्छी रहती है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि वरुण अवतार भगवान झूलेलाल को अलग-अलग नाम से पुकारा और जाना जाता है भगवान झूलेलाल ने सत्य, अहिंसा समर्पण, त्याग जैसे मानवीय मूल्य की स्थापना करके समाज प्रदेश और देश को नई दिशा प्रदान की मुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे भगवान झूलेलाल की शिक्षा और आदर्श अपने जीवन में उतर कर समाज प्रदेश और देश के विकास में अपना योगदानदें घ उन्होंने कहा कि सिंधी समाज ने कठिन और विपरीत परिस्थितियों का मुकाबला करके खुद को हर क्षेत्र में स्थापित किया यह अपने आप में एक बड़ी बात है सिंधी समाज के लोग जितनी मेहनत और दौड़ धूप करते हैं शायद ही कोई अन्य समाज का व्यक्ति इस तरह की मेहनत करता हो इसीलिए आज व्यापार जगत में भी सिंधी समाज की अग्रणी भूमिका है प्रदेश और देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती देने में भी सिंधी समाज का बड़ा योगदान है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि हमारी सरकार सिंधी समाज के कल्याण और विकास के लिए कृत संकल्प है, समाज जब चाहे सरकार से मिल सकता है समस्या बता सकता है सरकार हमेशा समाज के साथ पहले भी खड़ी थी और आज भी खड़ी हुई है, कार्यक्रम में सिंधी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे महिलाएं भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में देखी गई इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया और मुख्यमंत्री शर्मा ने भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा को रवाना किया उल्लेखनीय है कि राजधानी जयपुर में भगवान झूलेलाल जयंती महोत्सव का कार्यक्रम हर साल होती धूमधाम से मनाया जाता है इस मौके पर जयपुर में एक शानदार विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है जो शहर के चार दिवारी के प्रमुख बाजारों से होकर निकलती है इस शोभा यात्रा में जयपुर के कोने-कोने से आए सिंधी समाज के व्यापारी आमजन सभी शामिल होते हैं ।

## पंजाब के मुख्यमंत्री को मंत्री सुरेश सिंह रावत का करारा जवाब-ब्रिटिश मानसिकता को अपने दिमाग से निकाले भगवंत मान

### भजनलाल सरकार ने पंजाब की 1.44 लाख करोड रुपए रॉयल्टी मांग ठुकराई और कहा पानी व्यापार नहीं राष्ट्रीय संसाधन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के राजस्थान सरकार से पानी की रॉयल्टी के लिए पैसा चुकाने के मुद्दे पर प्रदेश के जलदाय मंत्री सुरेश सिंह रावत ने पलटवार करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री को नसीहत दी है कि वह अपने दिमाग से ब्रिटिश मानसिकता को बाहर निकाले उन्होंने कहा कि अपनी राष्ट्रीय संसाधन है व्यापार की वस्तु नहीं है आजादी के बाद हुए किसी भी समझौते में रॉयल्टी का प्रावधान नहीं है इसलिए पंजाब के मुख्यमंत्री की रॉयल्टी मांगने की बात पूरी तरह से असंवैधानिक है उल्लेखनीय है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान ने 1920 से लेकर अब तक पानी की रायल्टी के रूप में राजस्थान सरकार से 1.44 लाख करोड रुपए चुकाने की डिमांड की है जिस पर राजस्थान सरकार ने पंजाब के मुख्यमंत्री की इस डिमांड को पूरी तरह से संविधान और नियम और कानून के खिलाफ बताकर खारिज किया है हालांकि पंजाब सरकार अब इस मामले को कोर्ट में ले जाने की तैयारी जरूर कर रही है । राजस्थान और पंजाब के बीच पानी को लेकर बड़ा विवाद सामने आने के बाद प्रदेश के जलदाय मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया और पत्रकारों से कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नदियों का पानी किसी राज्य की निजी संपत्ति नहीं है बल्कि राष्ट्रीय संसाधन है ऐसे में किसी भी राज्य द्वारा पानी पर रॉयल्टी या व्यापारिक दवा करना संविधान की मूल भावना के खिलाफ है सुरेश सिंह रावत ने भारतीय संविधान का अनुच्छेद 262 का हवाला देते हुए कहा कि अंतर राज्य नदी जल विवादों का निपटारा संसद के बने कानून के तहत होता है ऐसे मामलों में कोई भी राज्य अपने स्तर पर पानी पर शुल्क या रॉयल्टी नहीं लग सकता उन्होंने कहा कि पानी को व्यापारिक वस्तु नहीं माना जा सकता और इस पर किसी प्रकार का वाणिज्यिक दावा करना कानूनन गलत है उन्होंने कहा कि राजस्थान अपने किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी गैर कानूनी मांग को स्वीकार नहीं करेगा पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुरेश सिंह रावत ने कहा कि आजादी के बाद किसी भी समझौते में रॉयल्टी का समावेश नहीं है उन्होंने कहा कि 1952 59 और 1985 के समझौते में भी रॉयल्टी को लेकर कोई बात नहीं कही गई फिर पंजाब के मुख्यमंत्री कौन सी रॉयल्टी की बात कह रहे हैं उन्होंने कहा कि 1920 में देश में ब्रिटिश शासन काल था और उस समय अगर कोई रॉयल्टी चुकाई जाती तो वह ब्रिटेन शासनकाल में जमा होती ना कि पंजाब के खाते में इसलिए पंजाब के मुख्यमंत्री को ब्रिटिश मानसिकता को अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए क्योंकि भारत को आजादी मिले अब कई साल बीत गए हैं फिर भी पंजाब के मुख्यमंत्री ब्रिटिश मानसिकता को अपने दिमाग में रखे हुए हैं जो राष्ट्रहित और राष्ट्र प्रेम के लिए ठीक नहीं है पत्रकारों के सवाल के जवाब में सुरेश सिंह रावत ने कहा कि हर राज्य को अपने हित की बात को उठाना चाहिए और सभी राज्य अपने हित की बात उठाते भी हैं लेकिन राज्यों के बीच चल रहे विवाद को केंद्र सरकार बहुत ही अच्छी तरह से निपट रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मध्य प्रदेश सरकार से रामसेतु जल परियोजना को लेकर समझौता किया इसी तरह से यमुना जल समझौते कर लेकर हरियाणा सरकार से समझौता हुआ है यमुना जल समझौते की डीपीआर करीब करीब पूरी कंप्लीट हो गई है इस पर जल्दी ही काम शुरू होने वाला है इसलिए किसी को यह भ्रम नहीं रखना चाहिए कि यमुना जल समझौता क्रियान्वित नहीं होगा उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते की डीपीआर कंप्लीट हो चुकी है और जल्दी ही यह समझौता धरातल पर आएगा ।

## मिडिल ईस्ट युद्ध का असर: प्रीमियम पैट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल की कीमतों में हुआ इजाफा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** ईरान में जारी संघर्ष की वजह से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल और डीजल की कीमत आसमान छूने लगी है इसका असर भारत पर भी दिखना शुरू हो गया है मिल मार्केटिंग कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल की कीमत में बढ़ोतरी करके इसकी शुरुआत कर दी है प्रीमियम पैट्रोल 2.09 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ है तो इंडस्ट्रियल डीजल की कीमत में 22.03 रुपए की बढ़ोतरी की गई है । इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इंडस्ट्रियल डीजल की कीमत में भारी बढ़ोतरी करते हुए इसे 87.57 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 109.59 रुपए प्रति लीटर कर दिया है यह 25 प्रतिशत से भी ज्यादा की बड़ी बढ़ोतरी हुई है । इस कीमत वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पढ़ने वाला है भले ही अभी तक मिल मार्केटिंग कंपनियों ने नॉर्मल पेट्रोल डीजल की कीमत में अभी इजाफा नहीं किया है लेकिन इंडस्ट्रियल डीजल की कीमत में भारी भरकम बढ़ोतरी होने से इसका असर सीधा आम जनता पर जरूर होगा पेट्रोल में ऑक्टेन नंबर ज्यादा होने से प्रीमियम पैट्रोल रेगुलर पेट्रोल से अलग हो जाता है आमतौर पर प्रीमियम पैट्रोल का ऑक्टेन नंबर 91 या उससे ज्यादा होता है ज्यादा ऑक्टेननंबर के अलावा प्रीमियम पेट्रोल में कुछ एडिशिव्स भी होते हैं यह एडिशिव्स यह पक्का करते हैं कि इंजन आसानी से चले और इंजन में कोई कीचड़ ना जमा हो सके, प्रीमियम पेट्रोल के मुकाबले नॉर्मल पेट्रोल का ऑक्टेन लेवल काम होता है नॉर्मल पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग 87 होती है इसके अलावा प्रीमियम पेट्रोल के विपरीत नॉर्मल पेट्रोल में कोई एडिटिव नहीं होते इन दो कारण से ही प्रीमियम पेट्रोल की तुलना में नॉर्मल पेट्रोल की कीमत कम होती है इसी तरह से इंडस्ट्रियल डीजल यह हाई स्पीड डीजल होता है इंडस्ट्रियल डीजल एक बड़ी मात्रा में मिलने वाला अक्सर कम रिफाइन किया हुआ डीजल इंजन है जो सड़क पर चलने वाले वाहन की बजाय भारी मशीनों जनरेटर खनन उपकरण और औद्योगिक बॉयलर के लिए बनाया गया है इसे अक्सर खुदरा पंपों को छोड़कर थोक में बेचा जाता है और अक्सर इस लाल रंग से रंगा जाता है ताकि यह पता चल सके कि यह इंडस्ट्रियल डीजल है ।


### अश्विनी वैष्णव ने यात्री सुविधाओं और सुरक्षा की समीक्षा की

## एक्सेस कंट्रोल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसड्रिवन सुधारों को समय पर लागू करने का निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को रेल भवन में सीनियर रेलवे अधिकारियों के साथ एक पूरी रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता की, जिसमें स्टेशन एक्सेस, पैसेंजर सुविधाओं को बेहतर बनाने और पैसेंजर अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुरक्षा से जुड़े दूसरे उपायों में हुई प्रगति का आकलन किया गया। मीटिंग में स्टेशन परिसर में एक्सेस कंट्रोल, भीड़ मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी से चलने वाली निगरानी और आने-जाने में आसानी जैसे उपायों पर फोकस किया गया। ये सुधार सबसे पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लागू किए जाएंगे और सीखे गए सबक के आधार पर, बाद में दूसरे स्टेशनों पर भी लागू किए जाएंगे। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कैमरों के ज़रिए पूरी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसपावर्ड निगरानी तैनात की जाएगी, जिसमें स्टेशन परिसर के सभी कोने-कोने शामिल हैं, जिसमें प्लेटफॉर्म, कॉन्कोर्स, एंट्री-एग्जिट पॉइंट और बिना इजाज़त एंट्री वाले फ़नल एरिया शामिल हैं।एक एक्सेप्शन इवेंट डिस्प्ले-बेस्ड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहाँ लाइव कैमरा फीड की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसप्रोसेसिंग मॉनिटरिंग स्टाफ को रियल टाइम में असामान्य या असुरक्षित घटनाओं के बारे में अलर्ट करेगी। केंद्रीय मंत्री ने कैमरों को सिस्टम की आँखें और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दिमाग बतायाऔर इस बात पर ज़ोर दिया कि ज़्यादा से ज़्यादा निगरानी असर पक्का करने के लिए सभी कैमरा कवरेज ज़ोन में अच्छी रोशनी होनी चाहिए। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स को अतिरिक्त रूप से तैनात किया जाएगा ताकि यह पक्का किया जा सके कि सिर्फ़ टिकट वाले यात्री ही स्टेशन परिसर में आ सकें, जिसमें मैनुअल चेकिंग की जगह सर्विलांस-बेस्ड मॉनिटरिंग की जाएगी। बड़े वर्कफोर्स में एक जैसापन और अकाउंटेबिलिटी लाने के लिए, स्टेशन में काम करने वाले सभी लोगों के लिए एक कलर-कोडेड आइडेंटिफिकेशन सिस्टम लागू करने का निर्देश दिया गया है। रेलवे कर्मचारी फ्लोरोसेंट जैकेट पहनेंगे, जबकि वेंडर, स्टेशन सहायक, कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले स्टाफ और आईआरसीटीसी के कर्मचारी जैसे नॉन-एम्प्लॉई भी किसी दूसरे रंग की कलर कोडेड जैकेट पहनेंगे। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों, कर्मचारियों और दूसरे नॉन-एम्प्लॉई जैसे कुली, वेंडर के स्टाफ, फूड, क्लीनिंग, पार्सल और मेंटेनेंस वाले लोगों की आसानी से पहचान हो सके, जिनके साथ सिक्योरिटी अधिकारी और टिकट चेकिंग स्टाफ अपनी ड्यूटी करते समय काम करते हैं। सभी कर्मचारियों और नॉन-एम्प्लॉई को आईडी कार्ड दिए जाएंगे, जिसमें पहचान के लिए ज़रूरी पूरी जानकारी होगी। इस यूनिफॉर्म आइडेंटिफिकेशन सिस्टम को नॉर्थ ज़ोन के सभी स्टेशनों पर धीरे-धीरे लागू किया जाना है, जिसमें नई दिल्ली स्टेशन एक मॉडल के तौर पर काम करेगा और बाद में देश के दूसरे हिस्सों में भी इसे लागू किया जाएगा। दिवाली और छठ के दौरान होने वाली त्योहारी भीड़ से पहले, पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कोड-बेस्ड एंट्री मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया जाएगा। यह सिस्टम वैलिड टिकट के आधार पर एंट्री को रेगुलेट करेगा, जिससे रिज़र्व्ड टिकट होल्डर्स, मंथली सीज़न टिकट होल्डर्स और अनरिज़र्व्ड पैसेंजर्स को बेहतर तरीके से अलग किया जा सकेगा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आने या जाने वाले पैसेंजर्स के ट्रैवल एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए, रेल वन ऐप को भारत टैक्सी के साथ इंटीग्रेट किया जाएगा। रेलटेल के साथ मिलकर डेवलप किए जा रहे इस इंटीग्रेशन का मकसद स्टेशन परिसर के बाहर अफरा-तफरी को कम करना, पैसेंजर्स की परेशानी को कम करना और एक भरोसेमंद, ट्रांसपेरेंट लास्ट-माइल ट्रांसपोर्ट ऑप्शन देना है। मीटिंग में 76 रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया अपग्रेड की स्थिति का भी रिव्यू किया गया। स्टेशन बिल्डिंग के बाहर अनरिज़र्व्ड यात्रियों के लिए खास होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं, ताकि प्लेटफॉर्म तक कंट्रोल्ड, फेज़्ड एक्सेस पक्का हो सके और भीड़भाड़ को रोका जा सके, जिससे पहले से ही भीड़भाड़ और सुरक्षा का खतरा बना रहता था। यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया से तय एंट्री पॉइंट आसानी से आने-जाने के लिए उपलब्ध होंगे।सभी स्टेशनों पर साइनेज में सुधार के भी निर्देश दिए गए हैं, जिसमें रिज़र्व्ड और अनरिज़र्व्ड दोनों टिकट होल्डर्स के लिए साफ़ और साफ़ दिखने वाले साइन होंगे।



अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
21 मार्च, 2026

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने चेटीचंड महोत्सव में की शिरकत

### भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने होप सर्कस पर चेटीचंड महोत्सव पर महाआरती कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने चेटीचंड महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्व व त्योहार हमारे जीवन का मूल आधार है जो सामाजिक सद्भाव, आपसी प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सिंधी समुदाय भगवान झूलेलाल को अपने आराध्य देव के रूप में पूजते हैं। इस दिन समाज के लोग सुख-समृद्धि की कामना के लिए शोभायात्रा निकालते हैं और जल की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढी भगवान झूलेलाल द्वारा बताए मानवता के कल्याण के मार्ग पर चले और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर संयुक्त व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह, सिंधी पंचायत समिति के अध्यक्ष रमेश चौथानी, रमेश नरवानी, डॉ. मोहनलाल सिंधी, महेश निहालवानी, पं. जलेसिंह, रितेश ठाकुर सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## नव संवत्सर पर भारत विकास परिषद् का भव्य स्वागत व दीपदान, अलवर में दिखा उत्साह



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत विकास परिषद् अलवर शाखा द्वारा भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के तहत परिषद के सदस्यों ने शहर के 8 विभिन्न स्थानों पर समूह बनाकर प्रातः 8:30 बजे आगंतुकों का कुमकुम तिलक, चावल, पुष्पवर्षा एवं मिश्री प्रसाद देकर स्वागत किया। नववर्ष के स्वागत में आमजन व सदस्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला और लोगों ने हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। सायंकाल 6:30 बजे नगली सर्किल पर दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला एवं पुरुष सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर नव संवत्सर की मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया। शाखा सचिव राधे श्याम ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। नववर्ष की पूर्व संध्या से ही स्वामी विवेकानंद स्मारक, विवेकानंद चौक, अशोका सर्किल सहित परिषद भवन पर आकर्षक रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे शहर का वातावरण पूरी तरह उत्सवमय हो गया।

## नीमराणा के अंशुल कुमार ने गेट में AIR 105 हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

जयपुर टाइम्स



**नीमराणा(निसं.)।** क्षेत्र के गांव कन्हावास निवासी मास्टर रणवीर यादव के पुत्र अंशुल कुमार ने गेट परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया रैंक (ह्वर) 105 प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अंशुल वर्तमान में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी राउरकेला से कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के छात्र हैं। अंशुल, सतीश हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सतीश कुमार के भतीजे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश से प्राप्त करते हुए कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। इससे पूर्व वे कक्षा 10 के दौरान मैथ ओलंपियाड में पूरे भारत में प्रथम स्थान भी प्राप्त कर चुके हैं। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए अंशुल ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन लगभग 8 घंटे नियमित अध्ययन किया और PW Gatewallah से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्राप्त किया। तैयारी के दौरान मॉक टेस्ट में कम अंक आने जैसी चुनौतियां भी सामने आईं, लेकिन उन्होंने धैर्य बनाए रखते हुए लगातार अभ्यास और गलतियों के विश्लेषण से खुद में सुधार किया। अंशुल का मानना है कि धैर्य, अनुशासन, निरंतरता और सही दिशा में मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उनकी इस उपलब्धि से गांव, परिवार और शिक्षकों में खुशी की लहर है तथा सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## जगन्नाथ मंदिर में पहुंचे कथाव्यास इंद्रेश महाराज, भजन से गूंजा मंदिर परिसर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शहर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में कथाव्यास इंद्रेश महाराज के आगमन पर भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। मंदिर के महंत पुष्पेन्द्र कुमार ने महाराज का स्वागत करते हुए भगवान जगन्नाथ की विधिवत विशेष पूजा-अर्चना करवाई और मनोकामना का नारियल बंधवाया। दर्शन के उपरांत इंद्रेश महाराज ने कहा कि उन्होंने पहली बार भगवान जगन्नाथ के ऐसे दिव्य और अलौकिक दर्शन किए हैं, जिससे वे अत्यंत अभिभूत हैं। उन्होंने मंदिर के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना करते हुए इसे अत्यंत पवित्र स्थल बताया। इस अवसर पर महाराज ने 'तू ना संभाले तो हमें कौन संभाले' भजन प्रस्तुत किया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा और उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम के अंत में महंत पुष्पेन्द्र कुमार ने इंद्रेश महाराज को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा चांदी का श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# वन राज्यमंत्री ने किया दिवाकरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

### वन राज्यमंत्री ने महिलाओं से नींव में शिला रखवाकर पेश की नजीर



**जयपुर टाइम्स/अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने दिवाकरी में करीब 1.60 करोड़ रूपये लागत राशि से बनने वाले राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का विधि विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया तथा महिलाओं से नींव में शिला रखवाकर नजीर पेश की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बजट में ग्राम पंचायत दिवाकरी में सब सेंटर को पीएचसी क्रमोन्नत करने पर आभार जताते हुए कहा कि आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया गया है तथा इसी वर्ष इसे पूरी तरह तैयार कर चालू करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएचसी के शुरू होने से स्थानीय लोगों को ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के 50 हजार से अधिक ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा, निःशुल्क जांच व दवा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में अलवर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। इसी दिशा में कार्य करते हुए जिले के चहुंमुखी विकास के काम कराए जा रहे हैं।

### शहर में चिकित्सा सुविधा में हो रहा है तेजी से इजाफा

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अलवर शहर को विशेष तरजीह देते हुए शिवाजी पार्क पीएचसी को सीएचसी में तथा रूपबास सबसेंटर को पीएचसी में क्रमोन्नत किया है, जिनके भवन को शीघ्र तैयार कराया जाएगा। साथ ही शिशु वार्ड को शिशु अस्पताल का दर्जा दिया गया है, जिसका काम भी शीघ्र चालू होगा। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में मरीजों की बढती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए इसी वर्ष बजट में 650 बैड संख्या को बढाकर 750 बैड किया गया है। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से मरीजों को राहत प्रदान करने हेतु जिला चिकित्सालय में ही पैथोलॉजी विभाग में फाइन निडल एस्पाइरेशन साइटोलॉजी (एफएनएसी) केंद्र का उद्घाटन कर कैंसर एवं अन्य रोगों की जांच सेवा का शुभारंभ किया तथा करीब 50 करोड रूपये के बजट राशि से अस्पताल में ही कैंसर की जांचें शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिवाकरी अलवर विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र में आता है। नगर निगम के परिसीमन में इस क्षेत्र को नगर निगम में जोडा गया है, जिससे क्षेत्र के विकास को और अधिक गति मिल रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों द्वारा अवगत कराए गए सभी विकास के कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने पीएचसी परिसर में पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### *50 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा पीएचसी से लाभ, 450 तरह की दवा व 40 प्रकार की जांचे होंगी निःशुल्क*

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि पीएचसी भवन करीब 1.60 करोड़ रूपये लागत राशि से भवन इसी वर्ष सितम्बर माह तक तैयार कराया जाएगा, जिसमें करीब 450 तरह की दवाइयां एवं करीब 40 प्रकार की जांचे निःशुल्क उपलब्ध होंगी। साथ ही पीएचसी में 6 बैड एवं एक चिकित्सक की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि पीएचसी से आसपास की 50 हजार से अधिक की जनसंख्या को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में निवर्तमान सरपंच मीना लक्ष्मण सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। मंच संचालन हंसराज पटेल ने किया। इस अवसर पर सरस डेयरी चैयरमैन नितिन सांगवान, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, एनआरएचएम के अधिशासी अभियन्ता शिवराम जाटव, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, महेश निहालवानी, पं. जलेसिंह, नरेश गोयल, पवन जैन, सुदेश खाम्बरा, सीताराम किराड, रामचरण बोहरा, राजेश तिवाडी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।*

## अभय ओसवाल आई केयर सेंटर का उद्घाटन, सालाना एक लाख मरीजों को मिलेगा लाभ

जयपुर टाइम्स



**अलवर/नई दिल्ली।** नवीन जिंदल ने दरियागंज स्थित डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल परिसर में अभय ओसवाल कॉम्प्रिहेंसिव आई केयर सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक केंद्र अरुणा अभय ओसवाल ट्रस्ट और लायंस क्लब्स इंटरनेशनल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से स्थापित किया गया है।
उद्घाटन समारोह में सावित्री जिंदल विशेष अतिथि तथा डॉ. अरुणा अभय ओसवाल अतिथि-विशेष के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अस्पताल के सीईओ डॉ. उमंग माथुर ने नेत्र रोगों के बढ़ते बोझ और सुलभ, प्रभावी व मरीज-केंद्रित सेवाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।
नए ओपीडी सेंटर को प्रतिदिन लगभग 300 मरीजों की सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे प्रतिवर्ष करीब एक लाख मरीजों को लाभ मिलने की संभावना है। केंद्र में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीजों के प्रतीक्षा समय को कम करने और उपचार की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अरुणा अभय ओसवाल ने कहा कि यह परियोजना स्वर्गीय अभय ओसवाल की करुणामयी सोच और समाजसेवा की विरासत को आगे बढ़ाने का माध्यम है। वहीं नवीन जिंदल ने अस्पताल द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। यह केंद्र विशेष रूप से वंचित एवं कमजोर वर्गों के लिए नेत्र रोगों के शीघ्र निदान, उपचार और रोकथाम को सुदृढ़ करेगा। उल्लेखनीय है कि 1926 में स्थापित यह संस्थान देश के प्रमुख नेत्र चिकित्सा केंद्रों में शामिल है, जो गुणवत्तापूर्ण और सुलभ नेत्र सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़क कट मरम्मत हेतु विशेष एकदिवसीय अभियान संचालित

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के शहरी क्षेत्रों में सड़क कट (रोड कट) की मरम्मत के लिए विशेष गहन एकदिवसीय अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा की गई सड़क कटिंग वाले स्थानों को पुनः उनकी मूल स्थिति में लाकर आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाना है। अधिशासी अभियंता आदेश कुमार यादव ने बताया कि अभियान के तहत विभाग (PWD) द्वारा विभिन्न मार्गों पर सड़क कट की मरम्मत का कार्य किया गया। इसमें कुलताजपुर से नूर नगर मार्ग, बासकृपाल नगर गेट से गंज रोड, किशनगढ़बास के ह्ष्ठ इनर रोड, मुंडावर-हरसोली एसएच-108 (नगरपालिका मुंडावर क्षेत्र), कोटकासिम-किशनगढ़ रोड से कन्हाड़का सीमा तक एलएसजी रोड तथा किशनगढ़ से कांकरा रोड पर मरम्मत कार्य किया गया। अधिशासी अभियंता आदेश कुमार यादव ने बताया कि इस विशेष अभियान के माध्यम से सड़क कटिंग वाले स्थानों को ठीक कर यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के साथ ही आमजन को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। कार्यों की निरंतर निगरानी कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर 71 यूनिट रक्तदान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के 168वें बलिदान दिवस पर शुक्रवार को लोधी क्षत्रिय एम्पलॉइज एसोसिएशन (लक्ष्य) एवं लोधा महासभा धौलपुर के संयुक्त तत्वावधान में अवंतीबाई लोधी छात्रावास, राजाखेड़ा रोड पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के मुख्य आतिथ्य, पीएमओ समरवीर सिंह सिकरवार, राष्ट्रीय महामंत्री बांके लाल लोधा, संरक्षक कमल सिंह लोधा, बृजेंद्र सिंह लोधा, संतोष कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष भरत सिंह के विशिष्ट आतिथ्य तथा लक्ष्य अध्यक्ष रतन सिंह लोधा एवं लोधा समाज अध्यक्ष कैलाश चंद लोधा की अध्यक्षता में अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि लोधा समाज में अनेक वीर-वीरांगनाएं हुई हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उनके बलिदान से समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए। पीएमओ समरवीर सिंह सिकरवार एवं बांके लाल लोधा ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि इससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है। कार्यक्रम में लक्ष्य अध्यक्ष रतन सिंह लोधा व उनकी टीम के पदाधिकारी– कन्हैयालाल, सुरेश कुमार, रतनलाल, पूर्ण सिंह, गिरेंद्र सिंह, संतोष कुमार, कलुआराम, रविंद्र सिंह, आशीष कुमार, अनूप कुमार, राजेंद्र, महाप्रसाद, मनोज कुमार आदि ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान भी किया। लक्ष्य संरक्षक कमल सिंह लोधा एवं बृजेंद्र सिंह राजपूत ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए युवाओं को नैतिक मूल्यों व सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। रतन सिंह लोधा ने बताया कि शिविर में जनप्रतिनिधि शिबू लोधा (कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष), प्रभुदयाल (जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ), लक्ष्मी नारायण, सुरेंद्र सिंह, पदम सिंह, गजेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, चेतराम, एजेंडर, अंकित, आकाश, योगेंद्र, भद्रपाल सिंह, रविकांत, भरत सिंह, साहब सिंह, राकेश, प्रदीप, हरेंद्र, अमित, प्रवेश, राजकुमारी, रितेश, वीरेंद्र सहित कुल 71 रक्तदाताओं ने 71 यूनिट रक्तदान कर सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष कैलाश चंद लोधा ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं, मेडिकल टीम एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक संतोष लोधा, सरपंच यादव सिंह, भीकाराम पटेल, अतर सिंह, नेमदेव, देवेंद्र, सोरन सिंह, राकेश, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, माधो सिंह, ममता देवी, मंजू कुमारी, नबाब सिंह, हुकम सिंह, हरि सिंह, सिधार सिंह, राजमोहन, प्रदीप राजपूत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सरिस्का टाइगर रिजर्व में अवैध कचरा डालने का मामला, जांच शुरू

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** सरिस्का टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अवैध रूप से कचरा डालने की एक गंभीर एवं चिंताजनक घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में निकटवर्ती नगरपालिकाओं द्वारा माधोगढ़ पुलिया के पास सड़क किनारे रात्रि के समय गुप्त रूप से दो ट्रक भर कचरा डाला गया। यह कृत्य न केवल वन्यजीव संरक्षण नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि संबंधित नगरपालिकाओं की कचरा निस्तारण व्यवस्था में गंभीर लापरवाही को भी दर्शाता है। सरिस्का जैसे संवेदनशील पारिस्थितिक क्षेत्र में इस प्रकार का कचरा डालना वन्यजीवों के स्वास्थ्य, उनके प्राकृतिक आवास एवं संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बन सकता है। साथ ही इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका भी बढ़ जाती है। घटना की सूचना मिलते ही सरिस्का प्रशासन हरकत में आया और सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग के आधार पर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित नगर निकायों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी नगर निकायों से अपील की गई है कि वे पर्यावरण संरक्षण के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने दें।

## इतिहास में पहली बार चेस का रेटिंग टूर्नामेंट का हुआ आगाज, राज्य के 170 से अधिक खिलाड़ी तीन दिन तक लड़ाएंगे मोहरे



**अलवर।** राजस्थान राज्य स्तरीय अंडर 17 (ओपन एंड गर्ल्स) सिलेक्शन फिडे रेटेड चैंपियनशिप के आयोजन का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट डायरेक्टर डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं राजस्थान शतरंज संघ द्वारा दिनांक 20,21,22 मार्च को यह जिम्मेदारी अलवर जिला शतरंज संघ को दी गई है। अलवर जिले के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि अलवर में शतरंज खेल की रेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को 51000 रुपए इनामी राशि दी जाएगी। जिला संघ सचिव हरिओम भड़ाना ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन दिन में 9 राउंड में आयोजित होगी पहले दिन 3 राउंड हुए जिसमें राजस्थान के 170 खिलाड़ी प्रतिभागी हुए। इस दौरान चतुरंग फाउंडेशन चेयरमैन अरुण जोशी, चीफ डे मिशन प्रमोद गुप्ता, हर्षवर्धन जोशी, रजनीश जैमन, यश सोमवंशी, प्रेरणा, प्रदीप, नवीन शर्मा मौजूद रहे।

# वन राज्यमंत्री शर्मा ने 2.80 करोड रूपये की लागत से तैयार यूथ हॉस्टल का लोकार्पण

### केंद्र व राज्य सरकार खेल व खिलाडियों को आगे बढाने के लिए प्रतिबद्धता से कर रही है कार्य - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अम्बेडकर नगर में युवा और खेल विभाग द्वारा करीब 2.80 करोड़ रूपये की लागत से तैयार कराए गए 46 बैडेड पूर्णतः वातानुकूलित आधुनिक यूथ हॉस्टल का लोकार्पण किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र व राज्य खेल व युवाओं को आगे बढाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के युवा और खेल विभाग द्वारा तैयार कराए गए 46 बैड के पूर्णतः वातानुकूलित आधुनिक यूथ हॉस्टल खिलाडियों के सपने साकार करने का एक माध्यम बन सकेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि खेल व खिलाडियों को आगे बढाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार खेलों इंडिया जैसे प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के साथ खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से इजाफा कर रही है। साथ ही उत्कृष्ट खिलाडियों को खेल कोटे से सरकारी सेवा में उच्च पदों पर सेवा देने का अवसर भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढने के लिए अलवर के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरित अलवर सांसद खेल उत्सव न केवल खिलाडियों को विभिन्न खेलों के माध्यम से आगे बढने का अवसर प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उत्कृष्ट खिलाडियों के लिए समर आवासीय कैम्प लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोचेज से प्रशिक्षण दिलाने का कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूपेन्द्र यादव के प्रयासों से अलवर के नवीन स्कूल में 8 करोड रूपये की लागत से हॉकी का एस्ट्रॉट्रफ तैयार हो रहा है, इंदिरा गांधी स्टेडियम में 8 करोड रूपये की लागत से एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रेक का कार्य चल रहा है तथा खैरथल में बेटियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी एकेडमी तैयार होगी। साथ ही जिले में कई जगहों पर नए स्टेडियम भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने खिलाडियों को खेल के साथ प्रकृति से जुडने के लिए टाइगर रिजर्व रणथम्भौर व सरिस्का में निःशुल्क भ्रमण कराने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट खिलाडियों को ट्रेक सूट भेंट कर सम्मानित किया तथा यूथ हॉस्टल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा ने आगुन्तुकों का आभार जताया। मंच संचालन रेणू मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सरस डेयरी चैयरमैन नितिन सांगवान, जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, महेश निहालवानी, पं. जलेसिंह, नरेश गोयल, पवन जैन, सुदेश खाम्बरा, सीताराम किराड, राजेश तिवाडी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## महिला ने खुद के आग लगाकर ट्रक के आगे छलांग लगाने की कोशिश की, ग्रामीणों ने बचाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जैसलमेर जिले में मोहनगढ़ कस्बे में एक महिला ने घर में कमरे में खुद को आग लगाकर अंदर से कमरे के दरवाजे को बंद कर लिया बाद में जब ग्रामीणों ने कमरे के दरवाजे को तोड़ डाला तो जलते हुए महिला कमरे से दौड़ते हुए सड़क पर आकर एक ट्रक के आगे छलांग लगाने का प्रयास करने लगी लेकिन ग्रामीणों ने और मौके पर महिला को पकड़ लिया, गंभीर रूप से झुलसी महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची है पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ और जांच पड़ताल में सामने आया है कि महिला मानसिक रूप से काफी कमजोर है और मानसिक अवसाद की वजह से ही उसने पहले खुद के बदन को आग लगा ली और फिर उसने सड़क पर आकर ट्रक के आगे कूद कर जान देने की कोशिश भी की पुलिस इस मामले में महिला के परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है लेकिन पुलिस की पूछताछ में यही सामने आया है कि महिला मानसिक रूप से कमजोर है और उसका उपचार भी किया जा रहा है लेकिन इस घटना से आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में खलबली और दहशत का माहौल जरूर पैदा हो गया था क्योंकि महिला ने जिस तरह से आग लगाने के बाद पहले खुद को कमरे में बंद किया और फिर कमरे से निकाल कर दौड़ते हुए जली हुई अवस्था में ही उसने ट्रक के आगे कूदने का प्रयास किया इस तरह का दृश्य देखकर वहां मौजूद लोग भी काफी घबरा गए थे ।

## गैस सिलेंडर में धमाका, आग लगने से पति-पत्नी और बच्चा झुलस गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में भिवाड़ी में गुलमोहर सोसायटी में घर में मौजूद एक बच्चे ने रसोई घर में गैस चूल्हे को ऑन कर दिया जिसकी वजह से रसोई घर में चुपचाप गैस का रिसाव होता रहा इतने में ही बिजली का बल्ब ऑन करने से धमाके के साथ सिलेंडर में आग लग गई जिसकी वजह से मकान में भीषण आग लग गई और इस आगजनी में पति-पत्नी और बच्चा झुलस गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जानकारी के अनुसार भिवाड़ी की गुलमोहर सोसायटी में हरिओम अपनी पत्नी और बच्चे के साथ मकान में रहता है शुक्रवार की सुबह हरिओम के एक छोटे बच्चों ने खेलते खेलते गैस चूल्हे को ऑन कर दिया इससे गैस का रिसाव होता रहा इस बात की जानकारी हरिओम और उसकी पत्नी को नहीं थी अचानक जब रसोई घर के बिजली के बल्ब को ऑन किया गया तो बिजली के बल्ब के ऑन होने के तुरंत बाद धमाके के साथ सिलेंडर में आग लग कई अचानक धमाके के साथ भीषण आग लगने से घर में मौजूद हरिओम और उसकी पत्नी तथा बच्चा झुलस गए धमाके के साथ आग लगने की इस घटना से आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग की गाड़ी को बुलाकर आग बुझाने के प्रयास किए गए तथा आगजनी से झूम से दंपती और उसके बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया ।

## उदयपुर सिटी- असारवा- उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस रेलसेवा का शामलाजी रोड़ स्टेशन पर अस्थाई ठहराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु उदयपुर सिटी- असारवा- उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस रेलसेवा का शामलाजी रोड़ स्टेशन पर पर प्रायोगिक तौर पर आगामी आदेशों तक अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 26963, उदयपुर सिटी- असारवा वंदे भारत एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 23.3.2026 से शामलाजी रोड़ स्टेशन पर 8.28 बजे आगमन व 8.30 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 26964, असारवा- उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 22.3.2026 से शामलाजी रोड़ स्टेशन पर 19.18 बजे आगमन व 19.20 बजे प्रस्थान करेगी।

## पट्टा देने के बदले ग्राम विकास अधिकारी ने 4000 की रिश्वत मांगी, एसीबी ने मौके पर पहुंच कर दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के डूंगरपुर जिले में मंडली ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रमेश चंद्र को एंटी करप्शन विभाग ने परिवादी से 4000द्घरुपए की रिश्वतलेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम विकास अधिकारी रमेश चंद्र के दफ्तर से पत्रावलियां आवेदन इत्यादि दस्तावेज बरामद किए हैं इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों का कहना है कि कहीं ना कहीं रमेश चंद्र ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार को जबरदस्त तरीके से बढ़ावा दे रहा था इसलिए रमेश चंद्र की ओर से निपटाए गए विभिन्न तरह के दस्तावेज फाइल आवेदन पत्र की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो कि इस कार्रवाई के बाद ग्राम पंचायत प्रशासन से जुड़े अन्य लोगों के चेहरों पर भी चिंता की लकीर छा गई है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त रमेश चंद्र है जो मंडली ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी पद पर तैनात है जिसने परिवादी से पट्टा जारी करने के बदले रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी रमेश चंद्र को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत शुक्रवार को जैसे ही परिवार दी ने आरोपी रमेश चंद्र को और रिश्वत के 4000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ रमेश चंद्र को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया ।


## बाबा रामदास मंदिर से नौ देवियों की धार्मिक यात्रा 4 अप्रैल को होगी रवाना

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** प्रागपुरा कस्बे के निकट स्थित ग्राम किराड़ोद से 4 अप्रैल को बाबा रामदास मंदिर से श्रीराधा रानी ब्रज मंडल की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ देवियों की धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का विशेष अवसर मानी जाती है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को हिमाचल प्रदेश के नगरकोट, ज्वाला माता, मां चिंतपूर्णी, नैना देवी, बगलामुखी, चामुंडा और ब्रजेश्वरी माता, जम्मू में वैष्णो देवी व शिवखोड़ी, अमृतसर के स्वर्ण मंदिर तथा हरियाणा के कुरुक्षेत्र और बाघा बॉर्डर सहित विभिन्न पवित्र स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे।

# मदन राठौड़ ने कहा-मोदी सरकार की डिजिटल नीति से मजबूत होगा साइबर सुरक्षा तंत्र

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा 12 दिसंबर 2025 को शून्यकाल के दौरान उठाए गए महत्वपूर्ण विषय 'सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील और हानिकारक रील्स के प्रसार को रोकने हेतु नियामक प्रावधानों की आवश्यकता' पर केंद्र सरकार ने विस्तृत और तथ्यात्मक जवाब प्रस्तुत किया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने उत्तर में स्पष्ट किया कि भारत का मौजूदा कानूनी ढांचा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एवं डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम, 2021 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने में पूर्णतः सक्षम और प्रभावी है। उन्होंने कहा कि सरकार इंटरनेट को सुरक्षित, जिम्मेदार और कानूनसम्मत बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है तथा साइबर स्पेस में उत्पन्न चुनौतियों से निपटने हेतु निरंतर ठोस कदम उठा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत विभिन्न साइबर अपराधों के लिए सख्त दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं, जिनमें धारा 66 सी (पहचान की चोरी), धारा 66 डी (प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी), धारा 66ई (निजता का उल्लंघन), धारा 67 एवं 67 ए (अश्लील एवं यौन स्पष्ट सामग्री का प्रकाशन,प्रसारण), धारा 67 बी (बाल यौन शोषण सामग्री), धारा 69 ए (सरकारी निर्देशों के तहत जानकारी को ब्लॉक करना) तथा धारा 66 एफ (साइबर आतंकवाद) जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इसके साथ ही, आईटी नियम, 2021 के तहत सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज़ पर यह दायित्व तय किया गया है कि वे उचित सावधानी का पालन करते हुए अपने प्लेटफॉर्म पर अश्लील, पोर्नोग्राफिक, पैडोफिलिक, निजता का उल्लंघन करने वाली, लैंगिक या नस्लीय रूप से आपत्तिजनक, बच्चों के लिए हानिकारक, भ्रामक अथवा कानून-विरुद्ध सामग्री के प्रसार को रोकें, अन्यथा उन्हें कानूनी संरक्षण प्राप्त नहीं होगा और वे विधि के अनुसार उत्तरदायी होंगे। मदन राठौड़ ने बताया कि सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेश या सरकार, अधिकृत एजेंसी द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर किसी भी अवैध सामग्री को निर्धारित समयसीमा के भीतर हटाना इंटरमीडियरी के लिए अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, 50 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं वाले महत्वपूर्ण सोशल मीडिया इंटरमीडियरी को भारत में ग्रिवेंस ऑफिसर, चीफ कंप्लायंस ऑफिसर तथा नोडल संपर्क अधिकारी नियुक्त करना अनिवार्य किया गया है, ताकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय सुनिश्चित हो सके। उपयोगकर्ताओं की शिकायतों के प्रभावी निवारण के लिए सरकार द्वारा ग्रिवेंस अपीलेट कमेटियों का गठन भी किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही, 20 फरवरी 2026 से लागू संशोधित आईटी नियमों के माध्यम से सिंथेटिक जनरेटेड सूचना तथा डीपफेक जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए सशक्त प्रावधान किए गए हैं। इन संशोधनों में ऑडियो, विजुअल एवं ऑडियो-विजुअल सूचना की परिभाष, एसजी आई को कानूनी दायरे में शामिल करना, उपयोगकर्ताओं को प्रत्येक तीन माह में जागरूक करना, अवैध सामग्री हटाने की समयसीमा को और सख्त करना, एसजीआई के लिए विशेष उचित सावधानी ढांचा लागू करना तथा ऐसे कंटेंट के लिए लेबलिंग, मेटाडेटा और तकनीकी सत्यापन को अनिवार्य करना शामिल है, जिससे भ्रामक, हानिकारक एवं राष्ट्रहित के विरुद्ध सामग्री के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। राठौड़ ने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए इस विस्तृत, स्पष्ट और दूरदर्शी उत्तर की सराहना करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर अश्लील एवं हानिकारक सामग्री के विरुद्ध यह पहल समय की आवश्यकता थी और सरकार ने इस दिशा में निर्णायक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और आईटी नियम, 2021 के सख्त प्रावधानों तथा हालिया संशोधनों से न केवल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही सुनिश्चित होगी, बल्कि देश के नागरिकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों को डिजिटल खतरों से सुरक्षा भी मिलेगी। राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की डिजिटल नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज भारत एक सुरक्षित, पारदर्शी और जिम्मेदार डिजिटल इकोसिस्टम की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि इंटरनेट का उपयोग कानूनसम्मत, नैतिक और समाजहित में हो, जो देश के डिजिटल भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार इसी प्रकार सख्त, प्रभावी और दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से भारत को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगी।

## हाई कोर्ट ने सांगानेर की 848 फैक्ट्री को कुर्क करने के आदेश को रद्द किया, फैक्ट्री मालिकों को बड़ी राहत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट ने शुक्रवार को सांगानेर में रंगाई छपाई से जुड़ी 848 फैक्ट्री को सीज करके उन्हें कुर्क करने के कमर्शियल कोर्ट जयपुर के आदेश को रद्द कर दिया है और इस मामले में सभी पक्षकारों को नए सिरे से सुनवाई के लिए कमर्शियल कोर्ट जाने को कहा है हाई कोर्ट के इस निर्णय के बाद 848 फैक्ट्री के मालिकों को काफी राहत मिली है क्योंकि कमर्शियल कोर्ट के आदेश के बाद फैक्ट्री मालिक और फैक्ट्री में काम करने वाले हजारों कर्मचारियों के चेहरों पर उदासी छा गई थी लेकिन हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब एक बार फिर से फैक्ट्री मालिक और फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी छा गई है जानकारी के अनुसार सांगानेर में बड़ी संख्या में स्थित रंगाई और छपाई फैक्ट्री को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि इन फैक्ट्री की वजह से इलाके में प्रदूषण का जबरदस्त माहौल बना हुआ है जिसकी वजह से स्थानीय लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है और पूरा इलाका इन फैक्ट्री की वजह से प्रदूषित हो रहा है इसलिए इन फैक्ट्री को बंद करने की मांग को लेकर पिछले कई सालों से लोग सड़कों पर भी लड़ाई लड़ रहे हैं और कानूनी लड़ाई भी लड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ यह भी कहना है कि इन फैक्ट्री की वजह से हजारों लोगों के घर का खर्च चल रहा है क्योंकि इन फैक्ट्री में हजारों की संख्या में कर्मचारी काम कर रहे हैं और यह फैक्ट्रियां अब से नहीं बल्कि कई सालों से संचालित हो रही है और सांगानेर प्रिंट की साड़ियां भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी काफी लोकप्रिय है इसलिए इन फैक्ट्री के बंद कर देने से सांगानेरी प्रिंट उद्योग जो पूरे विश्व में प्रसिद्ध है उसका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा इसलिए एक तरफ जहां इलाके में इन फैक्ट्री के प्रदूषण फैलने की समस्या है तो दूसरी तरफ इन फैक्ट्री के बंद कर देने से कई तरह की बड़ी-बड़ी समस्याएं और चुनौतियां भी खड़ी हो सकती हैं बाद में यह मामला कमर्शियल कोर्ट में पहुंचा जहां पर वर्ष 2025 फरवरी में कमर्शियल कोर्ट ने सांगानेर की 848 फैक्ट्री को सीज करके उन्हें कुर्क करने के कुर्क करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद फैक्ट्री मालिकों और कर्मचारियों में घबराहट छा गई थी उसके बाद फैक्ट्री मालिकों ने राजस्थान सरकार से भी फैक्ट्री को बचाने की गुहार की तो दूसरी तरफ फैक्ट्री मालिकों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया राजस्थान सरकार का व्यवहार भी कहीं ना कहीं फैक्ट्री मालिकों के प्रति पॉजिटिव रहा शुक्रवार को राजस्थान हाई कोर्ट में न्यायाधीश समीर जैन ने इस मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा कमर्शियल कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश और फैसले को पूरी तरह से रद्द कर दिया और नए सिरे से इस मामले की सुनवाई के लिए सभी को कमर्शियल कोर्ट जाने को कहा हालांकि स्थानीय लोगों की इन फैक्ट्रीओं की वजह से प्रदूषण फैलने की बात को खारिज नहीं किया जा सकता क्योंकि इन फैक्ट्री से निकलने वाला प्रदूषित पानी इलाके में जमीन की उर्वरा शक्ति को भी काफी कमजोर कर रहा है और इलाके में दूर-दूर तक खेतों में जो भी फसल उगाई जाती है वह इस प्रदूषित पानी की वजह से स्वास्थ्य के लिए ठीक भी नहीं होती यहां बड़ी संख्या में किसान इस प्रदूषित पानी से सब्जियां भी उगते हैं यह सब्जियां भी स्वास्थ्य के हिसाब से काफी नुकसानदायक साबित होती है लेकिन दूसरा पहलू यह भी है कि सांगानेरी प्रिंट उद्योग भारत का ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बने हुए हैं इस उद्योग से राजस्थान सरकार को भी काफी इनकम होती है इसलिए इन फैक्ट्री को बंद कर देने से सरकार को भी काफी नुकसान हो सकता है तो दूसरी तरफ सांगानेरी प्रिंट को जो लोकप्रियता पूरे विश्व में मिली हुई है वह इन फैक्ट्री के बंद होने के बाद विलुप्त हो सकती है ।

## उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा न रोडवेज बस का निरीक्षण किया, फर्स्ट एड बॉक्स नहीं होने पर जताई नाराजगी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरो से वायरल हो रहा है इस वीडियो में बैरवा एक रोडवेज बस का निरीक्षण करते हुए साफ नजर आ रही है बैरवा ने बस में मौजूद यात्रियों के टिकट भी चेक किया जिसमें बस में मौजूद सभी यात्रियों के पास विद्या टिकट के टिकट भी चेक किया जिसमें बस में मौजूद सभी यात्रियों के पास जरूरी टिकट मिले लेकिन बैरवा ने जब बस में फर्स्ट एड बॉक्स के बारे में चालक और परिचालक से पूछताछ की तो चालक और परिचालक इसका ठीक तरह से जवाब नहीं दे पाए बैरवा ने बस में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताई बेरवानी बस के इंडिकेटर नहीं होने पर भी नाराजगी प्रकट की जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा का यह वीडियो अजमेर रोड पर ठीकरिया टोल नाके के पास का बताया जा रहा है जब बैरवा ने एक रोडवेज बस को रुकवा कर उसकी गहनता से चेकिंग की उल्लेखनीय है कि डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा पूर्व में भी इसी तरह से रोडवेज की बसों को चेक कर चुके हैं बैरवा के रोडवेज की बस को चेक करने की वीडियो पहले भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए हैं एक वीडियो ऐसा भी वायरल हुआ था जिसमें बस का परिचालक मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा को नहीं पहचान पाया था बाद में बैरवा के साथ मौजूद कर्मचारियों ने जब परिचालक को यह कहा कि यह उपमुख्यमंत्री हैं तब जाकर परिचालक ने हाथ जोड़कर बरवा से माफी मांगी थीमुख्यमंत्री डॉ बेरवा के इस तरह से रोडवेज बस को चेक करने को लेकर लोग अच्छी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं लोगों का कहना है कि अगर मंत्री खुद इस तरह से बस में जाकर हकीकत का पता लगते हैं तो उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चलता है जिन्हें महसूस करके सरकार अच्छे निर्णय ले सकती है इसलिए सरकार के अन्य मंत्रियों को भी अगर अपने विभाग के कामकाज के बारे में वास्तविक आकलन करना है तो उन्हें डॉक्टर बेरवा की तरह ही फील्ड में उतरकर और मौके पर जाकर अपने विभाग की योजनाओं के बारे में लोगों से पूछताछ करनी चाहिए ताकि उन्हें अपने विभाग के अधिकारियों को कर्मचारी के कार्यशैली और व्यवहार के बारे में भी पता चलेगा तथा उन्हें यह भी पता चलेगा कि उनका विभाग अपनी जिम्मेदारी और करते हुए को ठीक तरह से निभा रहा है या नहीं ।

## बिजलीयावास में एक ही रात में पांच मकान के टूटे ताले, लाखों के आभूषण और नकदी चुरा ले गए बदमाश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पाली जिले के बिजलीयावास गांव में गुरुवार की रात 5 मकान के बदमाशों ने ताले तोड़ दिए जिसमें चार मकान खाली थे और एक मकान में परिवार के सदस्य एक कमरे में सो रहे थे इसलिए परिवार के सदस्य जिस कमरे में सो रहे थे उसे कमरे को बदमाशों ने बाहर से बंद कर दिया और फिर बड़े आराम से मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया यहां से चोर लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण अन्य कीमती सामान और नकदी चुरा ले गए इस गांव में चार और मकान के भी बदमाशों ने ताले तोड़े हैं इन मकानों से क्या-क्या चोरी हुआ इसकी जानकारी मकान मालिक के आने के बाद ही पता चल पाएगा क्योंकि यह चारों मकान खाली पड़े हुए थे इन मकानों में कोई भी मौजूद इसलिए इन मकान मालिकों के आने के बाद ही चोरी हुए सामान का पता चल पाएगा सूचना मिलने के बाद पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं मौके पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है गांव के नजदीकी एक खेत में बॉक्स पड़ा मिला है जिसमें कीमती सामान और आभूषण तो बदमाश अपने साथ ले गए और छोटी-मोटी चीज बॉक्स में छोड़ गए पुलिस इलाके में रहने वाले संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों का कहना है की चोरी की इस घटना को अंजाम देने से पहले हो सकता है बदमाशों ने किसी भी बहाने गांव की रेकी की हो इसलिए पुलिस ग्रामीणों से हाल ही के दिनों में गांव में किसी भी बहाने आने वाले लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है हो सकता है यह लोग छोटी-मोटी चीज को बेचने या फिर रेकी के लिए छोटे बच्चे और महिलाओं को भी किसी भी बहाने गांव में मकान की रेकी के लिए भेज दिया करते हैं और फिर यह महिलाएं मकान में मौजूद महिलाओं से बातों ही बातों में कई तरह की बातें भी पूछ लेती हैं इसलिए पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ करके पता लग रही है कि पिछले दिनों यहां गांव में अनजान लोग बच्चे या महिलाएं किसी बहाने आए थे क्या? पुलिस का कहना है कि चोरी की इस वारदात को कैसे बड़े ग्रुप ने अंजाम दी है इसलिए पुलिस इस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है

## चुनाव आयोग चुनाव करवाने के लिए स्वतंत्र, हमारा कोई लेना-देना नहीं : मदन राठौड़


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शुक्रवार को पत्रकार सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में बताया कि प्रदेश में चुनाव आयोग चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है कोई सा भी चुनाव हो चुनाव करवाना आयोग के कार्य क्षेत्र में आता है इसलिए पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव करवाने में भी चुनाव आयोग पूरी तरह से स्वतंत्र है इसमें हमारा कोई लेना-देना नहीं है आयोग जब चाहे चुनाव करवा सकता है उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग भी चुनाव आयोग की तरह ही एक न्यायिक संस्था है यह आयोग डायरेक्ट चुनाव आयोग को अपनी रिपोर्ट देगा इसमें हमारी सरकार का कोई रोल नहीं है इसलिए यह कहना कि प्रदेश सरकार जानबूझकर चुनाव नहीं करवा रही यह बात बिल्कुल सत्य और तर्कहीन है द्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि चाहे राजस्थान विधानसभा हो या देश की संसद विपक्ष अपनी भूमिका निभाने में पूरी तरह से नकारा साबित हुआ है विपक्ष सिर्फ हंगामा मचाने की नियत से ही विधानसभा और संसद में आता है जनता से जुड़े मुद्दे उठाने में विपक्ष की बिल्कुल भी रुचि नहीं रहती विपक्ष सिर्फ हंगामा मचाने की नीयत से आता है उन्होंने कहा कि हम भी चाहते हैं कि विपक्ष काफी मजबूत हो और सरकार को अच्छी सलाह और सुझाव भी दे लेकिन विपक्ष अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को समझ ही नहीं रहा वह सिर्फ मीडिया में बने रहने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा और संसद में हंगामा मचता रहता है जो भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए ठीक नहीं है राठौर ने कहा कि दरअसल में विपक्ष के पास ना तो राजस्थान में और ना ही केंद्र में कोई मुद्दा और विषय है जिसे वह विधानसभा और संसद में उठाकर सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करें जो विपक्ष के पास कोई मुद्दा हाथ नहीं लगता है तो वह अनर्गल मुद्दे और अनर्गल विषय उठाकर विधानसभा और सांसद का माहौल खराब करने और समय बर्बाद करने में लगा रहता है एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि तेल और गैस संकट यह राजस्थान और भारत सरकार का संकट नहीं है बल्कि पूरे विश्व में संकट बना हुआ है इस संकट की स्थिति में अगर विपक्ष राजनीति करें तो इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को कभी तो देश हित और राष्ट्र प्रेम के बारे में सोचना चाहिए एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि हम भी चाहते हैं विपक्ष हमको घेरे लेकिन विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है फिर भी अगर वह हमारी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करता है तो हमारी सरकार से जुड़े लोग और हमारे पार्टी के प्रवक्ता और कार्यकर्ता उनके हर प्रहार और उनके हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयारहै ।

## मोदी सरकार दलित समाज के विकास और अधिकारों को लेकर है निष्क्रियः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया है कि केंद्र की मोदी सरकार दलित समाज के विकास और अधिकारों को लेकर पूरी तरह निष्क्रिय है, जूली ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी संसदीय समिति की रिपोर्ट को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए आवंटित बजट का बड़ा हिस्सा खर्च न कर वापस लौटाना सरकार की नीयत और प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जूली ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में एससी विभाग के लिए 10,309 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे, लेकिन इनमें से 2,345 करोड़ रुपये, यानी लगभग 23 प्रतिशत राशि सरकार द्वारा सरेंडर कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह दर्शाता है कि सरकार दलित कल्याण की योजनाओं को लेकर न तो संवेदनशील है और न ही प्रतिबद्ध। नेता प्रतिपक्ष ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पहले बजट अनुमान में राशि बढ़ाकर बड़ी घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन संशोधित अनुमान में इसे करीब 30 प्रतिशत तक घटा दिया जाता है। इसके बावजूद जो राशि बचती है, उसका भी पूरा उपयोग नहीं हो पाता, जो प्रशासनिक विफलता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को उजागर करता है। जूली ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की सोच केवल जुमलेबाजी तक सीमित है। उन्होंने कहा यदि सरकार वास्तव में अनुसूचित जातियों के कल्याण के प्रति गंभीर होती, तो योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाकर हर रुपये का उपयोग सुनिश्चित करती, न कि बजट को वापस लौटाने की नौबत आती। उन्होंने आरोप लगाया कि दलित समाज के अधिकारों और विकास को लेकर सरकार की उदासीनता स्पष्ट है। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के बजाय बजट सरेंडर करना यह साबित करता है कि सरकार की प्राथमिकताओं में दलित कल्याण शामिल नहीं है।

## पुलिस ने स्मैक तस्कर किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन एंटी वेनम' अभियान के तहत फुलेरा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.48 ग्राम स्मैक व 28,350 रुपये नकद बरामद किए हैं। जिला जयपुर ग्रामीण में अभियान के तहत 19 मार्च को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निर्देशन, थानाधिकारी फुलेरा राजेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बा फुलेरा स्थित मां मीरा गार्डन के पास सार्वजनिक शौचालय के निकट एक युवक स्मैक बेच रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को पकड़कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से प्लास्टिक थैली में रखी 37 पुड़िया स्मैक बरामद हुई, जिनका कुल वजन 2.48 ग्राम पाया गया। साथ ही स्मैक बिक्री से संबंधित 28, 350 रुपये नकद भी जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विक्रम पुत्र कैलाश, निवासी सांसी बस्ती, जोबनेर रोड, फुलेरा बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम में थानाधिकारी राजेंद्र कुमार सहित कांस्टेबल रविन्द्र, रवि कुमार, कमला, अजय कुमार व माया शामिल रहे।

जयपुर टाइम्स


जयपुर, शनिवार
21 मार्च, 2026

## सम्पादकीय

### खराब उपकरण और संकरी गलियां बनीं 9 लोगों की मौत का कारण




दिल्ली में अनियोजित विकास की आपाधापी में जिस तरह से नियमों को धता बताया जाता रहा है, उसका नतीजा बार-बार किसी हृदयविदारक हादसे के रूप में सामने आता है। राजधानी के पालम इलाके की एक रिहाइशी इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। कुछ लोग बच गए, लेकिन बुरी तरह झुलसे हैं। बताया जा रहा है कि घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। उस इमारत में भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें थीं, जिससे आग मिनटों में फैली। घर की बनावट ऐसी थी कि फंसे लोगों को बचाने की कोशिश नाकाम रही। साथ ही, मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों के खराब उपकरणों के कारण बचाव कार्य में देरी हुई। अगर विभाग की हाइड्रोलिक प्रणाली समय पर काम करती, तो कुछ लोगों की जान बचाई जा सकती थी। इस अग्निकांड से कई पुराने सवाल उठ रहे हैं, जिन पर अक्सर चर्चा होती है और नतीजा सिफर रहता है। इस हादसे में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और विफलता के सवाल अहम हैं। दिल्ली में ऐसी कई इमारतें हैं, जो मिश्रित आवासीय-व्यावसायिक हैं। अवैध कालोनियों में नियमों के अनुपालन की उम्मीद करना बेमानी है। राजधानी में अधिकांश जगहों की यही तस्वीर है। ऐसी जगहों पर किसी भी तरह का हादसा होने पर बचाव कार्य में प्राय: दिक्कत होती है। संकरी गलियों के कारण आग लगने पर दमकल गाड़ियां पहुंचने में समय लेती हैं। अनियोजित बस्तियों में आपातकालीन सेवाओं के प्रभावी ढंग से काम करने की अक्षमता कई बार उजागर हुई है। पालम में भी यह स्थिति दिखी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस तरह के इलाकों में आग लगने की घटनाओं की कई बार भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। दो साल पहले विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से आठ शिशुओं की मौत हो गई थी। ऐसी सैकड़ों घटनाएं दर्ज की गई हैं। अक्सर, इमारतों में अग्नि सुरक्षा संबंधी इंतजाम नहीं होते। विद्युत प्रणालियां दोषपूर्ण होती हैं या भवन निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन होता है। ऐसे हादसों में अक्सर प्रशासनिक उदासीनता, नगर निकायों में भ्रष्टाचार और विकासकर्ताओं तथा अधिकारियों के बीच सांठगांठ के तथ्य सामने आते हैं। सवाल उठता है कि आगे का रास्ता क्या हो? अधिकारियों को चाहिए कि वे आपदाओं के बाद नोटिस जारी करने से आगे बढ़कर सभी क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। दिल्ली में जनसंख्या घनत्व को देखते हुए, संकरी गलियों में अग्निशमन सेवाओं की पहुंच में सुधार और विद्युत अवसंरचना का उन्नयन आवश्यक है। पालम में जिस तरह की इमारत थी, वैसे भवनों के लिए अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अनिवार्य किया जाना चाहिए। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि भविष्य के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं। दिल्ली सरकार ने अग्नि सुरक्षा आडिट की बात दोहराई है। जरूरी है कि काम धरातल पर दिखे। विडंबना यह है कि दिल्ली में आए दिन किसी न किसी इलाके में आग लगने और उसमें भारी नुकसान की खबरें आती रहती हैं, हादसे के बाद तमाम एजंसियां खानापूर्ति करती हैं और नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की अपनी पहली बैठक की बुधवार को अध्यक्षता करते हुए पूरे शहर में व्यापक अग्नि सुरक्षा अंकेक्षण (ऑडिट) के निर्देश दिए।




## कहानी

### आज्ञाकारी शिष्य

बालमित्रों, आप सिक्खों के गुरु नानकजी को तो जानते ही होंगे । एक दिन की बात है, गुरु नानकजी ने अपने एक शिष्य को बुलाकर एक चबूतरा (चौरा) बनाने के लिए कहा । शिष्य ने गुरु की आज्ञा से चबूतरा बना दिया । गुरु नानकजी ने उस चबूतरे को देखा और अपने शिष्य को उस चबूतरे को तोडने की आज्ञा दी । इस प्रकार गुरु नानकजी अपने शिष्य से बार-बार चबूतरा बनाने को कहते और बार-बार तुडवा देते थे । उनका शिष्य भी उनकी आज्ञा से बार-बार चबूतरा बना रहा था और तोड रहा था । यह देखकर गुरु नानकजी के बेटे को बहुत गुस्सा आया । उनके बेटे ने शिष्य से पूछा, "मेरे पिताजी बार-बार चबूतरा बनवा रहे हैं और उसे तोडने के लिए भी कह रहे हैं । इस बात से क्या आपको गुस्सा नहीं आ रहा " उसपर शिष्य ने कहा, "मुझको उस चबूतरे से क्या लेना-देना है । मैं तो गुरुदेवजी की आज्ञा का पालन कर रहा हूं तथा उनकी आज्ञा का पालन करना ही मेरी साधना है । गुरु नानकदेवजी के बडे बेटे का नाम श्रीचंद था । एक दिन गुरु नानकदेवजी ने अपने बडे बेटे को बुलाकर कहा "बेटा श्रीचंद, आज सेवा की भागदौड में मैं गोशाला की सफाई नहीं कर पाया हूं । केवल उतनी सेवा तुम कर देना !" श्रीचंद कुछ समय पहले ही स्नान कर बाहर निकला था तथा वह स्वच्छ कपडे पहने हुए था । श्रीचंद ने अपने मन में सोचा कि यदि मैं गोशाला की सफाई करुंगा, तो मेरे कपडे मैले हो जायेंगे तथा मुझे फिर से नहाना पडेगा । इसलिए, वह सफाई करना टालना चाहता था । उसने कहा, "पिताजी, मुझे तो मंदिरमें जाना है । वहां भलीभांति स्वच्छ होकर ही जाना चाहिए न !" इतना कहकर वह वहांसे चल दिया । तब, गुरुने अपने लेहाना नाम के शिष्य को बुलाया और गोशाला की सफाई करने के लिए कहा । उनके शिष्य ने भी कुछ समय पूर्व ही स्नान किया था; किंतु गुरुदेव की आज्ञा का पालन करने के लिए वह तुरन्त गोशाला साफ करने चल दिया । गोशाला स्वच्छ करने के बाद उसने पुन: स्नान किया और मंदिर गया । दूसरे ही दिन सिक्खों का बडा सम्मेलन था । उस सम्मेलन में सभी के सामने नानकदेवजी ने अपने शिष्य लेहाना का नाम बदल कर अंगतदेव कर दिया तथा अब वह 'अंगददेव' के नाम से पुकारा जाने लगा । गुरुदेव ने उसे गुरुगद्दी का भी उत्तराधिकारी बना दिया । इसपर उनके शिष्य चकित हो गए । शिष्यों ने कहा, "गुरुसाहेब, आपने आपने बडे बेटे को उत्तराधिकारी न बनाकर अपने लेहाना शिष्य को उत्तराधिकारी क्यों बनाया इससे क्या आपकी परम्परा नहीं टूटेगी !" तब गुरु नानकदेव बोले, "क्योंकि, श्रीचंद की अपेक्षा लेहाना अर्थात अंगददेव ही उत्तराधिकारी के पद के लिए अधिक योग्य है । केवल दुबारा नहाना पडेगा इसलिए गोशाला स्वच्छ करने में टालमटोल करनेवाला, समाज को कभी शुद्ध नहीं कर सकता । इसलिए लेहाना अर्थात अंगददेव ही समाज के लिए योग्य है तथा मेरा उत्तराधिकारी बनने का पात्र भी है । यह बताकर गुरु नानकदेवजी ने उसे गद्दी पर बिठाया ।

# मरुभूमि के उत्थान का प्रयास

*इस परियोजना के कार्यान्वयन से जल की दीर्घकालीन उपलब्धता संभव होगी जिससे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि को बढ़ावा मिल सकेगा। जल जीवन योजना के जरिये गांवों में 14 लाख परिवारों को नल से जल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके लिए राज्य सरकार ने अब तक 10,700 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यमुना जल समझौता ईआरसीपी से भी राजस्थान को बहुत फायदा पहुंचेगा। इन प्रयासों को मजबूत करने में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान का भी बड़ा योगदान रहा और इसके तहत राज्य भर में 16 हजार से भी ज्यादा भूमिगत जल रिचार्ज ढांचे अप्रवासी राजस्थानियों के योगदान से तैयार किए गए। प्रदेश में जल व्यवस्था को सुचारु बनाने से राज्य के किसानों को खेती संबंधी कार्यों में बहुत मदद मिलेगी। उन इलाकों में भी सिंचाई के लिए पानी मिलेगा, जहां अब तक इसकी कमी थी। इसके अलावा, किसानों को प्रदेश के 65 लाख पीएम किसान लाभार्थियों को भविष्य में नौ हजार के बजाय 12 हजार रुपये मिलेंगे। यह भी देखने योग्य बात है कि राजस्थान के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत साल में छह हजार रुपये मिलते हैं, जबकि प्रदेश सरकार की ओर से तीन हजार रुपये दिए जाते हैं, जिसे बढ़ाकर छह हजार रुपये कर दिया गया है। अक्षय ऊर्जा : हमारी सरकार अक्षय ऊर्जा उत्पादन की क्षमता वर्ष 2030 तक 125 गीगावाट*



राजस्थान को देखने की जब बात होती है, तब देश-दुनिया के लोग इसे मुख्य रूप में दो नजरिये से देखते हैं- एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासतों, वीर जवानों की भूमि और दूसरा विशाल मरुस्थल को अपने कोख में समेटे एक प्रदेश। राजस्थान की ये दो छवियां यहां के विकास के मानबिंदु होते हैं, इसीलिए हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' के विजन को आत्मसात करते हुए इन दोनों क्षेत्रों में समानांतर कार्य किए हैं और मरुभूमि को विकासभूमि, जल संपदा से परिपूर्ण भूमि बनाने की दिशा में एक से बढ़कर एक कदम उठाए हैं। राजस्थान सरकार मरुभूमि को जलज बनाने के लिए कई बड़े कदम उठा रही है जिससे तय है कि पानी की विकराल समस्या पर काबू पा लिया जाएगा। यहां लगभग पौने दो लाख वर्ग किलोमीटर मरुस्थल है जिसे थार रेगिस्तान कहा जाता है। हमारी सरकार ने जल सुरक्षा को सर्वोच्च वरीयता दी है और सिंचाई तथा पेयजल की व्यवस्था के लिए कमर कस लिया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल देने का गंभीर प्रयास जारी है जिसमें अपार सफलता मिलती दिख रही है। राम जल सेतु लिंक परियोजना इसमें बहुत कारगर हो रही है और इसके तहत कुल 26 हजार करोड़ रुपये के वर्क आर्डर दिए जा चुके हैं।

इस परियोजना के कार्यान्वयन से जल की दीर्घकालीन उपलब्धता संभव होगी जिससे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि को बढ़ावा मिल सकेगा। जल जीवन योजना के जरिये गांवों में 14 लाख परिवारों को नल से जल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके लिए राज्य सरकार ने अब तक 10,700 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यमुना जल समझौता ईआरसीपी से भी राजस्थान को बहुत फायदा पहुंचेगा। इन प्रयासों को मजबूत करने में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान का भी बड़ा योगदान रहा और इसके तहत राज्य भर में 16 हजार से भी ज्यादा भूमिगत जल रिचार्ज ढांचे अप्रवासी राजस्थानियों के योगदान से तैयार किए गए। प्रदेश में जल व्यवस्था को सुचारु बनाने से राज्य के किसानों को खेती संबंधी कार्यों में बहुत मदद मिलेगी। उन इलाकों में भी सिंचाई के लिए पानी मिलेगा, जहां अब तक इसकी कमी थी। इसके अलावा, किसानों को प्रदेश के 65 लाख पीएम किसान लाभार्थियों को भविष्य में नौ हजार के बजाय 12 हजार रुपये मिलेंगे। यह भी देखने योग्य बात है कि राजस्थान के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत साल में छह हजार रुपये मिलते हैं, जबकि प्रदेश सरकार की ओर से तीन हजार रुपये दिए जाते हैं, जिसे बढ़ाकर छह हजार रुपये कर दिया गया है।

अक्षय ऊर्जा : हमारी सरकार अक्षय ऊर्जा उत्पादन की क्षमता वर्ष 2030 तक 125 गीगावाट और 2040 तक 225 गीगावाट करने का लक्ष्य रखती है। इससे राज्य में बिजली प्रचुर मात्रा में तो मिलेगी ही, दूसरे राज्यों को भी बेची जा सकेगी। इससे राज्य के जीडीपी में भारी बढ़ोतरी होगी। वर्ष 2047 तक हमारा लक्ष्य है कि हम उच्च जीडीपी वाले तीन राज्यों में शामिल हो जाएं। हम केवल सौर ऊर्जा पर ही काम नहीं कर रहे हैं, पवन ऊर्जा (विंड एनर्जी) से कई जिलों में कई गीगावाट बिजली उत्पादन करने का भी लक्ष्य है। युवाओं को रोजगार दिलाना तथा महिला सशक्तीकरण हमारे लिए बड़ी वरीयता है। आर्थिक विस्तार और इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण से युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के रास्ते खुल रहे हैं। राइजिंग राजस्थान समिट में निवेशकों की गहन रुचि के कारण 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं जिससे बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचे, इसकी व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री रसोई गैस योजना के तहत रसोई गैस के सिलिंडर महज 450 रुपये में उपलब्ध कराए जा रहे हैं और 1,066 करोड़ रुपये की सब्सिडी सीधे लाभार्थी महिलाओं के खाते में भेजी जा रही है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत 16 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है जिससे 12 लाख महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी होने में सफल हुई हैं। इनके अलावा, हाल के दिनों में पश्चिम एशिया में हो रहे संग्राम के कारण संभावित गैस की कमी को ध्यान में रखकर अनिवार्य वस्तु कानून को लागू कर दिया है, ताकि इसकी जमाखोरी और मुनाफाखोरी रोकी जा सके और जनता को रसोई गैस आसानी से सुलभ हो सके।

भाजपा सरकार से जनता में उम्मीदें बहुत हैं और हमें खुशी है कि हम उन पर खरे उतर रहे हैं।

# भारतीय सिनेमा का नया अध्याय

*फिल्म में मेजर इकबाल, बाबू डकैत, रहमान डकैत, उजैर बलोच, एसपी असलम और जावेद खनानी जैसे प्रमुख पात्र, उनकी सूरतें और भाव भंगिमाएं इन कुख्यात अपराधियों और आतंकियों से हूबहू मिलती-जुलती हैं, जिन्होंने कंधार विमान अपहरण, संसद हमला और 26/11 जैसे हमलों को अंजाम दिया। पिछले वर्ष के अंत में बिना किसी नियोजित प्रचार के रिलीज हुई धुरंधर की असाधारण सफलता ने बालीवुड के स्टार सिस्टम और प्रोडक्शन घरानों को स्तब्ध कर दिया। व्यावसायिक ईर्ष्या ने उनके मुंह पर ताले जड़ दिए थे, पर दर्शकों द्वारा फिल्म पर उमड़ रहे दुलार से उनके सुर बदल गए। धुरंधर ने यह भी दर्शाया कि नकारात्मक समीक्षाएं किसी भी रचना की उत्कृष्टता को सुर्खियों में आने से रोक नहीं सकतीं। भारतीय सिनेमा को कई यादगार फिल्में देने वाले रामगोपाल वर्मा तो इससे इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने कहा,*




धुरंधर का दूसरा भाग रिलीज होने के साथ ही यह फिल्म फिर से चर्चा में आ गई है। यह फिल्म भारतीय सिनेमा का एक नया अध्याय है। हाल के वर्षों में यह पहली ऐसी भारतीय फिल्म है, जो लगातार चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म की मूल कथा भारत के विरुद्ध पाकिस्तानी षड्यंत्रों के इर्दगिर्द बुनी गई है। पाकिस्तान के पूर्व सेनाध्यक्ष जिया उल हक ने पारंपरिक युद्ध के बजाय भारत को हजारों छोटे-छोटे घाव देने की जो रणनीति अपनाई थी, उसे पाकिस्तान ने कालांतर में भी कायम ही रखा। धुरंधर पाकिस्तान के ऐसे ही दुस्साहस की काट में लगे भारतीय जासूस की कहानी है। कथानक, संवाद और घटनाओं की राजनीतिक प्रामाणिकता, अंतर्निहित हिंसा और पार्श्व संगीत की संपूर्ण सिनेमाई संरचना में धुरंधर एक अति-यथार्थवादी उत्कृष्ट प्रस्तुति है। हमजा अली मजारी के रूप में मुख्य पात्र महाभारत के अभिमन्यु की तरह है, जिसे उसके राष्ट्र ने प्रतिशोध के लिए वहां भेजा है। अपराध के लिए कुख्यात दक्षिण कराची का ल्यारी क्षेत्र हमजा के लिए एक चक्रव्यूह है, जिसे तोड़कर उसे भारत लौटना है। क्या वह इस 'कुत्सित चक्रव्यूह' को भेदकर लौट पाएगा? धुरंधर भारत का पहला ऐसा फिल्मी कथानक है, जो भारत-पाकिस्तान के मौजूदा द्वंद्व को उसकी व्यापक भयावहता में उकेरता है। भारत के प्रति पाकिस्तान की कुंठा और उसके छद्म आतंकवाद को दर्शाने के लिए आदित्य धर ने जिस बारीकी और गहराई से शोध किया है, वह सत्यजित रे अथवा श्याम बेनेगल के सिनेमा के अपवाद को छोड़कर मुंबई के व्यावसायिक सिनेमा में पहले कभी नहीं दिखा। फिल्म में मेजर इकबाल, बाबू डकैत, रहमान डकैत, उजैर बलोच, एसपी असलम और जावेद खनानी जैसे प्रमुख पात्र, उनकी सूरतें और भाव भंगिमाएं इन कुख्यात अपराधियों और आतंकियों से हूबहू मिलती-जुलती हैं, जिन्होंने कंधार विमान अपहरण, संसद हमला और 26/11 जैसे हमलों को अंजाम दिया। पिछले वर्ष के अंत में बिना किसी नियोजित प्रचार के रिलीज हुई धुरंधर की असाधारण सफलता ने बालीवुड के स्टार सिस्टम और प्रोडक्शन घरानों को स्तब्ध कर दिया। व्यावसायिक ईर्ष्या ने उनके मुंह पर ताले जड़ दिए थे, पर दर्शकों द्वारा फिल्म पर उमड़ रहे दुलार से उनके सुर बदल गए। धुरंधर ने यह भी दर्शाया कि नकारात्मक समीक्षाएं किसी भी रचना की उत्कृष्टता को सुर्खियों में आने से रोक नहीं सकतीं। भारतीय सिनेमा को कई यादगार फिल्में देने वाले रामगोपाल वर्मा तो इससे इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने कहा, 'मुझे यह अतिशयोक्ति नहीं लगती कि अब भारतीय सिनेमा को 'धुरंधर के पहले' और 'धुरंधर के बाद' के रूप में देखा जाएगा।' धुरंधर में आखिर ऐसा क्या है जिसकी वजह से लोगों ने इसे पसंद किया? दरअसल धुरंधर का घटनाचक्र इतनी तेजी से आगे बढ़ता है और उसका उप-कथ्य उसे इतना प्रभावित करता है कि दर्शक कहानी के विकास के तारतम्य को पूरी तरह जोड़ नहीं पाते। इसलिए फिल्म के कथ्य और उप कथ्य को आत्मसात करने के लिए भी फिल्म को कई बार देखा गया। सिनेमा बचपन से ही आदित्य धर का जुनून रहा है। उनके इस जुनून में डिस्लेक्सिया जैसी बीमारी भी आड़े नहीं आ पाई, जिससे पढ़ने-लिखने और शब्द-विन्यास में कठिनाई आती है। मुंबई शहर का एक कड़वा सच यह भी है कि काम मिलने के बाद भी कई बार उसके सही दाम नहीं मिलते। फिर भी लोग जुटे रहते हैं कि अनुभव तो मिलेगा। 2006 में मुंबई आए आदित्य ने कबीर खान की काबुल एक्सप्रेस के लिए गीत लिखे और सहायक निर्देशक के रूप में भी कार्य किया। हाल-ए-दिल और डैडी कूल, प्रियदर्शन की आक्रोश और तेज में काम के दौरान आदित्य अपनी फिल्म बनाने के ख्वाब भी देखते रहे। कई बार उनकी कहानियां चोरी हुईं और बात बनते-बनते बिगड़ गई। 2016 में आदित्य की किस्मत ने पलटी खाई, जब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के लिए वे फवाद खान के साथ अपनी पहली फिल्म 'रात बाकी' बनाने वाले थे

# वैश्विक हितों पर हमले

इजरायल की ओर से अपने गैस फील्ड साउथ पार्स को निशाना बनाए जाने के जवाब में ईरान ने जिस तरह सऊदी अरब, कतर और कुवैत की रिफाइनरियों पर हमले किए, उसके बाद कच्चे तेल के दाम बढ़ने ही थे। समस्या केवल यह नहीं कि तेल के दाम बढ़ते ही चले जा रहे हैं, बल्कि यह भी है कि खाड़ी के देशों से उसकी आपूर्ति में भी कठिनाई आ रही है। तेल के साथ गैस की आपूर्ति में भी मुश्किलें पेश आ रही हैं। साफ है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ा युद्ध ऊर्जा संकट को गंभीर बनाने का काम कर रहा है। ईरान ने अपने यहां के ऊर्जा स्रोतों पर हमले के जवाब में पड़ोसी देशों के ऐसे ही स्रोतों को निशाना बनाने की जो रणनीति अपनाई है,



उससे अमेरिका के साथ खाड़ी के देश ही नहीं, पूरी दुनिया परेशान है। यह साफ है कि अमेरिका ने यह सोचा ही नहीं था कि ईरान इस तरह ऊर्जा संकट गहराने की रणनीति अपना सकता है, लेकिन वह इसी रणनीति पर चल रहा है। पहले उसने खाड़ी देशों से तेल और गैस की आपूर्ति के समुद्री मार्ग होर्मुज को बाधित किया, फिर उसने इन देशों के ऊर्जा स्रोतों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। ईरान ने खाड़ी देशों के कुछ ऊर्जा स्रोतों को तो इस तरह निशाना बनाया कि उनसे तेल और गैस का उत्पादन ही ठप हो गया है। चूंकि तेल और गैस के उत्पादन में कमी के साथ उसकी आपूर्ति भी बाधित हो गई है, इसलिए पूरी दुनिया को ऊर्जा संकट की तपिश झेलनी पड़ रही है। कई देशों को तेल और गैस के दाम बढ़ाने पड़े हैं। कुछ देशों में गैस की किल्लत होने से घरों में खाना बनाने के साथ-साथ छोटे-बड़े उद्योग चलाना भी कठिन हो गया है। तेल एवं गैस के दाम बढ़ने और उनकी आपूर्ति प्रभावित होने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट भी देखी जा रही है। एक तरह से ईरान पर हो रहे अमेरिका एवं इजरायल के हमले और उनके जवाब में ईरान की कार्रवाई वैश्विक हितों पर तगड़ी चोट पहुंचाने का काम कर रही है। वैश्विक हितों के लिए यह जो गंभीर खतरा पैदा हो गया है, उसके लिए सीधे तौर पर अमेरिका जिम्मेदार है। यदि वह ईरान पर हमला करने के लिए तैयार नहीं होता तो इजरायल शायद ही अपने दम पर ऐसा करने के लिए आगे आता। अब तो ऐसा लगता है कि इन दोनों में रणनीतिक तालमेल का भी अभाव है। इसका संकेत इजरायल की ओर से ईरान के गैस फील्ड को निशाना बनाए जाने पर अमेरिका की असहमति से मिलता है। इस असहमति मात्र से बात बनने वाली नहीं है

## सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर गुर्जर का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** पुलिस थाने में कार्यरत और सिरोही निवासी रामकरण गुर्जर पुत्र नंदाराम गुर्जर के सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने और पुत्र धर्मराज का वरिष्ठ अध्यापक के पद पर चयन होने की खुशी में श्री वीर हनुमान जी महाराज सामोद मंदिर में सवामणी का आयोजन किया गया। इस दौरान आलीसर से भगवान सहाय यादव, हस्तेडा के सीएलजी सदस्य राजकुमार कुमावत, रेनू यादव, हितांशु यादव और जगदीश प्रसाद शर्मा ने साफा व माला पहनाकर और बुके भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर रामकरण गुर्जर के भाई कालूराम रिश्तेदार और ग्रामीण उपस्थित रहे। सहायक उप निरीक्षक रामकरण गुर्जर ने सभी का आभार जताया।



## परम्परागत गीतों के साथ 16 दिनों तक मनाई जाती है गणगौर

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान का पारंपरिक महोत्सव गणगौर पूजन सोलह दिन पूजकर मनाया जा रहा है। सूर्य उदय से पहले नवविवाहिता तैयार होकर दुब व जाल तोड़ कर गणगौर पूजन के गीत गाकर दिन की शुरुआत करती हैं। उठ उठ ए म्हारी गौर माता, एल खेल नदी जाए ओ पाणी...आदि गाकर अपने सुहाग व नव - वर की रक्षा के गीत गाती हैं। शाम को फिर से घर घर गौर बनोरा निकाल कर नाचती गाती हैं। जिसमे आज मार गौर बनोरो. सहित अनेक परम्परागत गीत गाए जाते हैं। वहीं रात्रि को गुड़ला का उत्सव मनाया जाता है जिसमें महिलाएं आस्था से गीत गाती हैं। ईशर दास जी रा कन्हैयालालजी.. रात्रि में ज्वारा गीत गाकर गणगौर का पूजन हो रहा है। नया बास में उत्सव को बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है।



## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन, डिजिटल साक्षरता पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। शिविर के अंतिम सत्र में विद्यार्थियों की ओर से विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों व गतिविधियों की प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी मुख्य थीम डिजिटल साक्षरता व जागरूकता रही। कार्यक्रम प्रभारी रजनीकांत शर्मा ने बताया कि एनएसएस स्वामी विवेकानंद व महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित है, जो विद्यार्थियों में 'पहले मैं नहीं, आप' की भावना विकसित करता है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर से ही राष्ट्र सेवा का संस्कार दिया जाता है, ताकि वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। विद्यालय के संस्था प्रधान रामनरेश ने विद्यार्थियों को राष्ट्र प्रेम, देशभक्ति और सेवा भावना का महत्व समझाते हुए इन मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वयं से पहले दूसरों को महत्व देने का संदेश देते हुए सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी और शिविर के समापन की घोषणा की। शिविर के दौरान विद्यालय स्टाफ का भी सराहनीय योगदान रहा, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## बड़ागांव में गणगौर महोत्सव चरम पर, मेहंदी-सिंझारा संग गूंजा उत्सव का उल्लास

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं/बड़ागांव(निस)।** कस्बे में इन दिनों गणगौर महोत्सव लोक आस्था, परंपरा और उत्साह के अद्भुत संगम के रूप में पूरे शबाब पर है। प्रदेशभर में अपनी शाही आन-बान-शान और अनूठे वैवाहिक नेगचारों के लिए प्रसिद्ध बड़ागांव का ऐतिहासिक गणगौर महोत्सव कस्बे को पूरी तरह गणगौरमय बना रहा है। महोत्सव के तहत शुक्रवार को शिव-पार्वती के प्रतीक ईशर जी और गणगौर की मेहंदी की रस्म विधि-विधान से अदा की जाएगी। इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर गीत-संगीत के बीच मेहंदी रचाएंगी, जिससे वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय हो उठेगा। इसी के साथ सिंझारा पर्व भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। यह पर्व गणगौर महोत्सव का अहम पड़ाव माना जाता है, जिसमें सुहागिन महिलाएं और युवतियां घरों में विशेष पकवान बनाकर और सजावट कर खुशियां मनाती हैं। बड़ागांव की खास पहचान यह है कि यहां गणगौर से जुड़े सभी नेगचार दूल्हा-दुल्हन की तरह पूरे रीति-रिवाज और परंपरा के साथ निभाए जाते हैं। यही वजह है कि यहां की गणगौर सवारी और रस्में पूरे प्रदेश में अलग पहचान रखती हैं। महोत्सव के चलते गलियों और चौक-चौराहों पर सजावट और रोशनी की छटा बिखरी हुई है, वहीं पारंपरिक गीत-संगीत की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर गणगौर मेला भी प्रारंभ हो चुका है। मेले में बच्चों और युवाओं के आकर्षण के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लग गए हैं, वहीं खिलौने, मिठाइयों, चाट-पकौड़ी और घरेलू सामान की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। पूरे कस्बे में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

## सड़क दुर्घटना मामले में कुल 22 लाख रूपये का अवार्ड पारित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के न्यायालय मोटरयान दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना मामले में कुल 22 लाख का अवार्ड पारित किया। अधिवक्ता ललीत देवकरण नैण खरतवास ने बताया कि 12 नवंबर 2024 को हनुमानगढ़ जिले के मेहलिया निवासी राजेश व रमेश कुमार अपनी मोटरसाईकिल पर सवार होकर गांव भाडंग जा रहे थे सुबह 11:15 बजे डाबड़ी बड़ी बस स्टैण्ड दरवाजा के पास साहवा की तरफ से कार चालक सज्जन कुमार ने अपनी कार को तेज गति व लापरवाही से चलाकर सही साईड में खड़ी मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी जिससे राजेश कुमार के सिर व शरीर पर गंभीर चोटे आई तथा रमेश कुमार का बांया पैर टुट गया राजेश कुमार का मणीपाल हॉस्पीटल में ईलाज चला जहां सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटे होने की वजह से 20 नवंबर 2024 को मृत्यु हो गई जिसका साहवा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर सज्जन कुमार के खिलाफ न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष चालान पेश किया तथा मृतक की ओर से मृतक की माता सिलोचना व पिता गिरधारी लाल ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो सिलोचना आदि बनाम नेशनल ज.इ.क.लि. आदि पेश की। घायल रमेश कुमार ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो रमेश कुमार बनाम नेशनल ज.इ.क.लि. पेश की। जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने दोनों पक्षों की आपसी समझाईस कर प्रार्थीगण सिलोचना आदि के पक्ष में 19.50 लाख रूपये व घायल स्मेश के पक्ष में 2.50 हजार रूपये का अवार्ड पारित किया।

# नवरात्रि स्पेशल: राजस्थान पुलिस में मातृ शक्ति: कर्तव्य, करुणा और काबिलियत की मिसाल बनीं 10 महिलाकर्मी











जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान पुलिस में महिला सशक्तिकरण की प्रेरक तस्वीरें सामने आई है, जहां 10 महिला कर्मियों ने अपने साहस, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा से यह साबित कर दिया कि वर्दी में मातृत्व और मजबूती दोनों साथ चल सकते हैं। ये महिला कर्मी केवल कानून-व्यवस्था संभालने तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि इन्होंने मानवता, सेवा और जिम्मेदारी का ऐसा उदाहरण पेश किया, जो समाज के लिए प्रेरणा बन गया है।

इनमें से किसी ने कठिन परिस्थितियों में लोगों की जान बचाई, तो किसी ने संवेदनशील मामलों को सूझबूझ से संभाला। किसी ने अपनी ड्यूटी के दौरान ईमानदारी और तत्परता दिखाई, तो किसी ने सामाजिक सरोकारों से जुड़कर पुलिस की मानवीय छवि को मजबूत किया। इन सभी महिला कर्मियों की एक खास बात यह रही कि इन्होंने अपने पारिवारिक दायित्वों मां, बेटी या बहन की भूमिका के साथ-साथ पुलिस की कठोर जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाया।

**कर्तव्य से बढ़कर कुछ नहीं**

इन महिला पुलिसकर्मियों ने यह दिखाया कि कठिन से कठिन हालात में भी ड्यूटी सर्वोपरि होती है। चाहे दिन हो या रात, चुनौती कैसी भी हो; इनका समर्पण अडिग रहा। जहां एक ओर इन्होंने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की, वहीं दूसरी ओर जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता भी दिखाई। यही संतुलन इन्हें खास बनाता है।

**समाज के लिए प्रेरणा**

आज ये महिला कर्मी केवल पुलिस विभाग के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए रोल मॉडल बन चुकी हैं। खासकर युवतियों के लिए ये संदेश है कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है।

**शौर्य का मुख्यमंत्री सम्मान: शक्ति स्वरूपा जांबाज बेटियों का गौरव गान**

कर्तव्य की वेदी पर प्राणों की बाजी लगाने वाली और खेल के मैदान में तिरंगा लहराने वाली राजस्थान पुलिस की 10 जांबाज महिला पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस को उस समय सर्वोच्च पहचान मिली, जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनसे मुख्यमंत्री निवास पर संवाद किया। महिला अपराध का खुलासा हो, उफनती नहर में छलांग लगाकर जान बचाना हो, बैंक लूट की फायरिंग के बीच अपराधियों को दबोचना हो, या उग्र भीड़ से किसी निर्दोष को सुरक्षित निकालना; इन शक्ति स्वरूपा अधिकारियों के हर साहसिक कार्य को मुख्यमंत्री ने सराहा। उन्होंने इसे पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का पुंज बताया।

**राजस्थान पुलिस में मातृ शक्ति: 10 महिला कर्मियों की प्रेरक कहानियां**

**1. महिला अपराधों के खिलाफ सख्त डीएसपी डॉ. पूनम**

?अलवर में महिला अपराध अनुसंधान इकाई की पुलिस उप अधीक्षक डॉ. पूनम ने पॉक्सो एक्ट के तहत त्वरित अनुसंधान कर कई वर्षों से डरा-धमका कर शोषण करने वाले अपराधियों को जेल भेजा। उन्होंने वर्ष 2024 के दौरान 13 इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की।

**2. कानून व्यवस्था और त्वरित न्याय की मिसाल एसएचओ गुंजन वर्मा**

जयपुर आयुक्तालय के नारायण विहार की थानाधिकारी गुंजन वर्मा ने उत्कृष्ट पुलिसिंग का उदाहरण पेश किया। उन्होंने एक विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में मात्र 2 दिन में चार्जशीट पेश कर अपराधियों को सजा दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया।

**3. अपराध नियंत्रण और जांच में अग्रणी उप निरीक्षक सोनाली शर्मा**

राजसमंद जिले की उपनिरीक्षक सोनाली शर्मा (डीएसटी प्रभारी) ने हत्या और लूट जैसे गंभीर मामलों का खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एक अपहृत नवजात बच्चे को सकुशल बरामद कर परिवार को खुशियां लौटाईं और कई इनामी बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुँचाया।

**4. हेड कांस्टेबल गायत्री देवी ने खेलों के मैदान में लहराया परचम**

जयपुर आरएसी की महिला हेड कांस्टेबल गायत्री देवी ने न केवल खाकी का मान बढ़ाया, बल्कि खेलों में भी राज्य को गौरान्वित किया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक कुल 9 गोल्ड, 7 सिल्वर और 1 ब्रोंज मेडल जीतकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है।

**5. महिला गरिमा और सुरक्षा की रक्षक हेड कांस्टेबल सरोज चौधरी**

जयपुर की महिला कांस्टेबल सरोज चौधरी ने महिला गरिमा सेल (1090) में तैनात रहकर 4735 शिकायतों में से 4581 का निस्तारण किया। अश्लील फोन कॉल और छेड़छाड़ से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।

**6. कांस्टेबल गंगा ने अपनी जान दांव पर लगाकर बचाई महिला की जिंदगी ल**

बांसवाड़ा जिले के कोतवाली थाने की कांस्टेबल गंगा डामोर ने अदम्य साहस का परिचय दिया। जब उन्हें सूचना मिली कि एक महिला कागदी बड़ी नहर के तेज बहाव में बह रही है, तो गंगा ने बिना वक्त गंवाए उफनती नहर में छलांग लगा दी और डूब रही महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

**7. बैंक लुटेरों से भिड़ गईं कांस्टेबल मेनका कुमारी**

जयपुर पश्चिम के झोटवाड़ा थाने की महिला कांस्टेबल मेनका कुमारी ने तब अपनी वीरता दिखाई जब पंजाब नेशनल बैंक में फायरिंग कर लूट की कोशिश की गई। उन्होंने गोलीबारी के बीच अपराधियों को मौके पर ही दबोच लिया, जिससे बैंक कर्मचारी की जान बचाने और लूट को विफल करने में सफलता मिली।

**8. कांस्टेबल विमला की सूझबूझ ने पकड़ा लाखों की लूट का मामला**

सिरोही जिले के आबूरोड सदर थाने की महिला कांस्टेबल विमला ने अपनी पैनी नजर से एक बड़ी लूट का खुलासा किया। रास्ते में संदिग्ध हालत में भाग रहे दो युवकों को देखकर उन्होंने तुरंत थाने पर सूचना दी, जिससे करीब 10.69 लाख रुपये की लूट की राशि बरामद हुई।

**9. उग्र भीड़ के बीच देवदूत बनीं कांस्टेबल धोली बाई**

जयपुर आयुक्तालय के मालपुरा गेट थाने की महिला कांस्टेबल धोली बाई ने सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। उन्होंने 150-200 लोगों की उग्र भीड़ के बीच से एक विक्षिप्त महिला को सुरक्षित निकाला और उसे अस्पताल पहुँचाया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

**10. खेलों में स्वर्ण और पुलिस का गौरव कांस्टेबल रितु राठौर**

जयपुर आयुक्तालय की कांस्टेबल रितु राठौर ने अखिल भारतीय पुलिस वेटलिफ्टिंग और वॉलीबॉल कलस्टर (2023-24) में स्वर्ण पदक जीतकर पुलिस विभाग का नाम रोशन किया। उनकी यह उपलब्धि महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## झूलेलाल जयंती की धूम, भव्य शोभा यात्रा और झांकियों ने मोहा मन

### सिंधी समाज ने श्रद्धा-उत्साह से मनाया पर्व

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** शहर में सिंधी समाज की ओर से भगवान झूलेलाल जयंती का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे शहर में आकर्षक सजावट की गई और भगवान झूलेलाल की सुंदर झांकियां सजाई गईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। कार्यक्रम के तहत भगवान झूलेलाल का भव्य श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति भाव से पूजा में सहभागिता निभाई, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस मौके पर शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें समाज के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा में झांकियां, भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करते नजर आए। आयोजन में समाज के अध्यक्ष बबूलाल, कोषाध्यक्ष हरीश विधानी, सचिव महेश रामरखानी, कार्यकर्ता मोहित रामरखानी, डॉ. रमेश रामचंदानी, रमेश लदानी, रामचंद्र लयानी, रामचंद्र तनवानी, जयराम मुरजानी, तुलसीदास फुलवानी, नरेश झामनानी, राजकुमार लदानी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। हर वर्ष की भांति इस बार भी झूलेलाल जयंती का यह पर्व मकराना में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर मनाया गया।





## फुलेरा में मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** राज्य सरकार के 'विकसित राजस्थान 2047' विजन के अनुरूप शहरी क्षेत्रों में योजनाबद्ध व जनसहभागिता आधारित विकास को गति देने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान' का शुभारंभ कर दिया गया है। यह अभियान 19 मार्च 2026 से 15 मई 2026 तक निरंतर संचालित किया जाएगा। स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार नगर पालिका फुलेरा के सभी 25 वार्डों में वार्ड सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड स्तर पर कार्यक्रमों की विधिवत शुरूआत की गई, जो निर्धारित अवधि तक चरणबद्ध रूप से जारी रहेंगे। अभियान के अंतर्गत आमजन को योजना की रूपरेखा से अवगत कराने तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक स्थलों, सामुदायिक भवनों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, पार्कों एवं मंदिरों में वार्ड सभाएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में वार्ड नंबर 16 स्थित श्री गणेश मंदिर से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जहां बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। इस दौरान नागरिकों ने सड़क, सफाई, पेयजल, नाली व्यवस्था सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर अपने सुझाव रखे। अधिकारियों ने सुझावों को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम में वार्डवासी भगवान बाना, शिक्षाविद मोतीलाल वर्मा, पालिका के कनिष्ठ अभियंता, स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार, अंकित, तरुण शर्मा, जमादार विनोद कुमार, सचिन सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य वार्ड स्तर पर जनसहभागिता के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान कर योजनाबद्ध विकास कार्यों को प्राथमिकता देना है, जिससे शहरी क्षेत्रों में समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके।



## असमय बारिश से फसल खराबे पर आयोग का स्वतः संज्ञान, मुख्य सचिव को भेजा पत्र

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनूं के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने प्रदेश में हाल ही में हुई असमय वर्षा एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मामलों में स्वतः संज्ञान लिया है। इस संबंध में उन्होंने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर सभी जिलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जिला कलक्टर को देकर उपभोक्ता संरक्षण करवाने के लिए त्वरित व सकारात्मक व्यक्तिगत सदप्रयास करने का आग्रह किया है। मील ने पत्र में उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के बावजूद कई स्थानों पर फसल नुकसान की सूचना, सर्वे एवं दावा निस्तारण की प्रक्रिया में देरी हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उपभोक्ता विवादों की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिससे न्याय व्यवस्था पर मुकदमों का भार आता है और पीड़ित किसानों को अनावश्यक रूप से कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ते है। उन्होंने मुख्य सचिव से प्रदेश के सभी जिलों में राजस्व, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनियों के संयुक्त समन्वय से तत्काल विशेष गिरदावरी एवं फसल क्षति सर्वे करवाने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रावधानों के अनुसार 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनियों को फसल नुकसान की सूचना देने के नियम का ग्राम स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने एवं पीड़ित किसानों के प्रार्थना पत्रों का संकलन करवाने पर जोर दिया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि बीमा कंपनियों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर तुरंत व्यक्तिगत क्षति आकलन शुरू किया जाए तथा दावा निस्तारण की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया जाए। जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर पूरे प्रकरण की मॉनिटरिंग करने और किसानों को मुआवजा मिलने तक निरंतर फॉलोअप रखने की भी आवश्यकता जताई गई है। मील ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जियो-टैग्ड फोटो, मोबाइल ऐप एवं अन्य डिजिटल माध्यमों के उपयोग को अनिवार्य करने की बात कही है। साथ ही फसल कटाई के बाद खेत में रखी फसलों के नुकसान को भी बीमा दायरे में लेकर प्राथमिकता से दावे निपटाने पर जोर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं होती है तो इससे उपभोक्ता आयोगों पर अनावश्यक परिवादों का भार बढ़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों और बीमा कंपनियों पर निर्धारित होने के संबंधित निर्देश जारी किए जाने को उचित व न्यायोचित बताते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव से इस संबंध में तत्काल प्रभाव से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है, ताकि किसानों को समय पर राहत मिल सके।

## भारतीय नववर्ष धूमधाम से मनाया

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा स्थित सुरोलिया भवन में गत शाम को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भारतीय नववर्ष धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ लोगों को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम में कोलकाता प्रवासी उद्यमी व भामाशाह शंकरलाल सुरोलिया ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्राचीन संस्कृति पर गर्व होना चाहिए और इसे भूलना नहीं चाहिए। सुरोलिया ने जोर दिया कि भारतीय संस्कृति अत्यंत प्राचीन और समृद्ध है। उन्होंने नववर्ष के इस दिन के विभिन्न ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व बताए। उन्होंने कहा कि आज के दिन प्रकृति में भी परिवर्तन देखने को मिलता है, जैसे पेड़ों पर नई कोंपलें आना और किसानों का धन-धान्य से परिपूर्ण होना। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी, भगवान श्री राम का राज्याभिषेक हुआ था, और शक्ति की पूजा भी इसी दिन से प्रारंभ होती है। उन्होंने बताया कि आज से विक्रमी संवत 2083 का प्रारंभ हो रहा है, जिसे ईसा से 58 वर्ष पूर्व महाराजा विक्रमादित्य ने शुरू किया था। साथ ही, युगाब्ध 5118 भी आज से प्रारंभ हुआ है। सुरोलिया ने सभी से अपनी प्राचीन संस्कृति को समझने और उसके अनुसार चलने का आह्वान किया, जिससे निश्चित रूप से कल्याण होगा। कार्यक्रम के बाद लोगों को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं। नववर्ष का कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को अपनी संस्कृति न भूलने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में गिरधारीलाल सुरोलिया, पवन लखमरा, प्रियांशु टांक, नरेन्द्र भगेरिया, अशु सुरोलिया एकता, गुजंन बाला, दिव्यांशी, प्रियांशी और आर्यन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# धूमधाम के साथ मनाई गणगौर ईशर के भात की रस्म

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में गणगौर महोत्सव पूरे परवान पर है। गली-गली में गणगौर महोत्सव की धूम देखी जा रही है। नवविवाहिताए महिलाएं और युवतियां धूमधाम के साथ गणगौर महोत्सव मना रही है। यह त्यौहार राजस्थानी लोक संस्कृति और महिलाओं का सबसे बड़ा त्यौहार है। होली के दूसरे दिन से लेकर गणगौर पर्व तक महिलाएं बड़ी धूमधाम के साथ इस पर्व को मानती है और यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है। लेकिन बदलते वक्त और आधुनिक युग के साथ इस त्यौहार में कई बदलाव देखने को मिले हैं। अब इस गणगौर महोत्सव के दौरान वह सब किया जाने लगा है जो एक शादी में होता है। अब सगाई से लेकर विवाह तक की सभी रस्मे गणगौर महोत्सव के दौरान निभाई



जाने लगी है। शहर के वार्ड 18 में नवविवाहिता खुसबू सैनी शादी के बाद पहली बार अपने पीहर में गणगौर और ईशर की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना कर रही है। इस दौरान बात भरने की रस्म निभाई गई। इस दौरान प्रतिकारात्मक रूप से जयश्री सैनी भाई और अनु सैनी भाभी बनी। इस दौरान उपस्थित महिलाओं और यूवतियों के साथ नवविवाहिताओं ने शानदार तरीके से नृत्य किया। इस अवसर पर जिस तरह से शादी में भात भरा जाता है उसी तरह भात भरा गया। नवविवाहित खुशबू सैनी ने बताया कि हमने होलिका दहन के दूसरे दिन से ही गणगौर की पूजा शुरू कर दी थी। शीतला अष्टमी के बाद से कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर उसकी गणगौर बनाई और अब प्रतिदिन शाम को घर-घर जाकर गणगौर माता की बिंदोरी निकाली जा रही है और रात के समय हम सभी मिलकर डीजे पर नृत्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अब हमने भात की रस्म निभाई है। इससे पहले हल्दी, मेहंदी और बाकी विवाह की सभी रस्मे निभाई गयी। इस दौरान खुशबू सैनी ने कहा कि विवाह के बाद यह मेरी पहली गणगौर है और हम सभी सहेलियां आपस में मिलकर बड़ी धूमधाम के साथ गणगौर महोत्सव को मना रहे हैं। इस अवसर पर जयश्री सैनी ने बताया कि गणगौर और ईशर की पूजा शिव और पार्वती के रूप में की जाती हैं। महिलाएं इस पूजा को अपने सुहाग की लंबी कामना को लेकर करती है तो वही कुंवारी कन्याएं अच्छे वर के लिए यह पूजा करती है। इस अवसर पर पूजा सैनी ने बताया कि होलिका दहन के दूसरे दिन शुरू हुआ त्यौहार गणगौर की विदाई के साथ समापन हो जाएगा। इतने दिन हमने अपनी सहेलियों के साथ खूब मौज-मस्ती की लेकिन अब दुख हो रहा है की गणगौर का समापन होने वाला है। इस अवसर पर सुनीता सैनी, अनु सोनी, दुर्गा सोनी, सुमन सोनी, सुनीता सैनी, निकिता सैनी, नन्दनी सैन, मंजू सैनी, राधिका सैनी, पूजा सैनी, माया सैन, रुपाली सोनी, कृष्णा सोनी, ज्योति सोनी, सिमरन सोनी आदि युवतियां और महिलाएं उपस्थित रही।

# ईद व गणगौर पर्व को लेकर सीएलजी बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** ईद व गणगौर पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शहर थाना पुलिस चौकी में शुक्रवार को सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने की।बैठक में एसडीएम ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से अपील की कि दोनों पर्वों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और समन्वय के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिसमें आमजन का सहयोग आवश्यक है।इस दौरान थाना अधिकारी राजाराम लेघा ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस की ओर से आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे।बैठक में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हाजी मुस्तफा कुरैशी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ललित पवार, भाजपा नेता जयप्रकाश सरावगी, पूर्व पार्षद सुभाष पारीक, सुरेश बीबीपुरिया, कांग्रेस नेता पवन सैनी, रियाजउद्दीन, कमल कुमावत सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# रुहेला ने की सलूंबर एसपी विश्नोई से भेंट

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** नवगठित सलूंबर जिले की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ दिशा देने के लिए शुक्रवार को बिशनाराम विश्नोई ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) का कार्यभार ग्रहण किया। अपनी निष्पक्ष कार्यशैली और सख्त प्रशासनिक छवि के लिए पहचाने जाने वाले विश्नोई के पदभार संभालते ही जिले में बेहतर पुलिसिंग की उम्मीदें तेज हो गई हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र रुहेला ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्नोई इससे पूर्व



जयपुर मुख्यालय में सीआईडी-सीबी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे थे। राज्य सरकार की ओर से स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद उन्होंने सलूंबर में पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के अवसर पर जिले के पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान बुके, साफा, शॉल, श्रीफल एवं मालाएं भेंट कर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। विश्नोई के नेतृत्व में जिले में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण एवं जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# श्रीराम नवमी शोभायात्रा के केंद्रीय कार्यालय का भव्य उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में श्री राम जन्मोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाली श्रीराम नवमी विराट शोभायात्रा के केंद्रीय कार्यालय का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन मधुसूदन राजपुरोहित ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा संयोजक राकेश इंदौरिया ने बताया कि यह केंद्रीय कार्यालय शहर के मुख्य बाजार में डॉ कौशिक की गली के पास स्थित है। उन्होंने बताया कि राम नवमी के पावन अवसर पर निकलने वाली विराट शोभायात्रा के लिए साफा वितरण का मुख्य केंद्र भी इसी कार्यालय को बनाया गया है। जहां से रामभक्तों को साफे वितरित किए जाएंगे। कार्यालय उद्घाटन के शुभ अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सुबोध सेठिया, यात्रा प्रमुख लक्ष्मण सिंह, अपर लोक अभियोजक पवन कुमार सैनी, मदन ओझा, शिवदयाल पारीक, सुरेश वर्मा, अशोक कशेरा, मुकेश सैनी, सतीश कुमार, रोहिताश सोनी, जयश्री वर्मा और अनीता सहित समिति के कई गणमान्य सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और रामभक्तों में श्रीराम नवमी शोभायात्रा को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला।

# रोजेदारों के रोजे खुलवाए



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के वार्ड 05 में स्थित हनीफिया मदरसा में अलायला ग्राम पंचायत के प्रशासक धर्मवीर सिँह राठौड़ ने रोजा इफ्तार की दावत दी और रोजेदारों के रोजे खुलवाये। प्रशासक राठौड़ ने सभी को एकता से त्यौहार मनाने का संदेश दिया। इस मौके पर जमरदीन तेली, अनूप खंडेलवाल, गोपाल स्वामी, शाबीर जिंदराण, सतार खटीक, सलाउदीन, बूंदा खटीक, नरेश झाझड़िया, उमेद लुहार, त्रिलोक रेगर, सुनील सगतानी सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

# भागवत कथा में गूंजा कृष्ण जन्म का महात्म्य, झांकियों ने बांधा समां

## छोटड़िया गौशाला में पांचवें दिन भक्त प्रहलाद व अवतारों के प्रसंगों पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव छोटड़िया स्थित श्रीकरणी गोरख गौशाला संस्थान प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक भोले बाबा ने भगवान कृष्ण जन्म के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। भोले बाबा ने कहा कि यदि व्यक्ति सुख के समय भी भगवान की भक्ति करता है तो जीवन में आने वाले संकटों से सहज ही पार पाया जा सकता है। कथा के दौरान भक्त प्रहलाद, वामन अवतार और रामावतार के प्रसंगों का भी मार्मिक वर्णन किया गया। इस अवसर पर भक्त प्रहलाद एवं हिरण्यकश्यप की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के प्रारंभ में राधा देवी प्रहलाददान चारण द्वारा व्यासपीठ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इससे पूर्व सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जो गांव के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत कर धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। गौशाला समिति के अध्यक्ष सागरमल जोशी ने बताया कि गोसेवा के लिए



श्रद्धालुओं ने उदारतापूर्वक दान दिया। इसमें रामस्वरूप उपाध्याय ने 11 लाख 51 हजार रुपए, केशुदान प्रहलाददान चारण ने 1 लाख 21 हजार रुपए, ओमप्रकाश, रमेश, सत्यनारायण एवं किशनलाल उपाध्याय ने 51 हजार रुपए तथा चुन्नीलाल सुथार ने 31 हजार रुपए की राशि भेंट की। सभी भामाशाहों का मंच से अभिनंदन किया गया। समिति के सचिव गोपालदान चारण ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संत राजूदास महाराज, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व पालिकाध्यक्ष लिड्डू कल्पनाकांत, प्रधान मधुसूदन राजपुरोहित, शिवभगवान पारीक, रामावतार जोशी, सागरमल आत्रेय, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, कमल पारीक, राजकुमार जांगिड़, नरसीदान चारण एवं मनोजदान चारण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं : श्रीकृष्णकांत

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 स्थित गोगामेडी प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास वृदावन धाम के श्रीकृष्णकांत उपाध्याय ने भगवान कृष्ण के जन्म व लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता। इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की।



इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है।

# राजकीय उपजिला चिकित्सालय में बेंच भेंट

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के ताल मैदान में स्थित राजकीय उप जिला चिकित्सालय में मरीज के साथ आने वाले लोगों के लिए बैठने के लिए बेंच का सहयोग कर मानवता का धर्म निभाया है। राजकीय उप जिला चिकित्सालय के प्रभारी सहित अस्पताल टीम ने आभार जाताकर आगे भी सहयोग की अपील की है।



शहर के जोधराज रेगर, पोखरमल बाकोलिया, अशोक धौलपुरिया के सहयोग से राजकीय जिला चिकित्सालय में लोगों के बैठने की सुविधा को लेकर 6 बैंच लगाकर सहयोग किया गया है। इस अवसर पर राजकीय उप जिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉ चंद्रभान जांगिड़, डॉ निर्मल पारीक, डॉ कमलेश भारतीय, डॉ जयप्रकाश नारोलिया, डॉ संजय बडगूजर, डॉ अविकल्प, प्रकाश चंद्र सहित अस्पताल स्टाफ ने आभार जताते हुए आगे भी सहयोग की अपील की है। बेंच सहयोग करते समय अशोक धौलपुरिया ने बताया कि राजकीय उप जिला चिकित्सालय में मरीज के साथ आने वाले लोगों के लिए बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था कम होने के कारण हमारे द्वारा 6 बेंच यहां पर लगाई गई है जो एक अच्छा कार्य करने पर मन में शांति मिलती है। लोगों से यही अपील है की सेवार्थ व धर्मार्थ के कार्य में अपने से जो सहयोग बना सकता है वह जरूर करना चाहिए। जिससे लोगों की अनेक समस्याओं का समाधान के साथ उनको सुविधाएं भी अपने आप मिल जाती है और मानवता का धर्म निभाया जा सकता हैं।

# 298 लोगों ने रक्तदान कर निभाया मानवता का धर्म



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के अर्जुन क्लब राजकीय चिकित्सालय में शुक्रवार को गिरधारी फुलफकर की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं और महिलाओं के भारी उत्साह के चलते कुल 298 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला रोग विशेषज्ञ डॉ स्वाति गेट ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ चंद्रभान जांगिड़, डॉ संदीप चाहर और डॉ अक्षय सिंह शेखावत, रामगढ एसडीएम भारती फुलफकर, तहसीलदार रतनलाल मीणा मौजूद रहे। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ स्वाति गेट ने एक महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पहले सरदारशहर में रक्त के अभाव के कारण प्रसूताओं और बीमार महिलाओं को बीकानेर, जयपुर या चूरू रेफर करना पड़ता था। लेकिन अब रक्तदान के प्रति बढ़ती जागरूकता और ऐसे शिविरों के कारण 99 प्रतिशत इलाज यहीं संभव हो पा रहा है। यह सारा कमाल इन निस्वार्थ रक्तदाताओं का ही है। मुख्य वक्ताओं ने गिरधारी फुलफकर को याद करते हुए कहा कि वह एक मिलनसार और धनी व्यक्तित्व के स्वामी थे। उनका अल्पायु में जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। लेकिन आज उनकी स्मृति में उमड़ा यह जनसैलाब और रिकॉर्ड रक्तदान उनकी लोकप्रियता और उनके प्रति लोगों के प्रेम का प्रमाण है। अतिथियों ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। क्योंकि आपके दिए रक्त से किसी का जीवन बचता है। शिविर में विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक संगठनों के दिग्गजों ने शिरकत की। जिनमें प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता इंद्राज खीचड़, निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, भाजपा नेता मधुसूदन राजपुरोहित, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के मुख्य नेता ताराचंद सहारण, निवर्तमान उपसभापति अब्दुल रशीद चायल, किशनलाल सींवर, रेवंतराम फुलफकर, किशनलाल फुलफकर, गिरधारी लाल पारीक, गणेशदास स्वामी, जेठाराम भास्कर, दुर्गाराम पारीक, रामकरण बैंदा, मुरलीधर सैनी, राजेश पारीक, देवीलाल भाकर, महिला संगठन महाराजा सूरजमल संगठन की सुशीला सारण, सुमित्रा सारण, मनोहरी, नीलम चौधरी, विमला, हस्ती, पूजा चौधरी आदि ने स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया।

# डीपीडीओ व स्पर्श सेवा केंद्र नए परिसर में स्थानांतरित, 23 मार्च से होगा संचालन

**झुंझुनूं(निस)।** रक्षा पेंशन वितरण अधिकारी कार्यालय (डीपीडीओ) स्पर्श सेवा केंद्र को शहीद मेहर सिंह मार्ग, रोड नंबर 2 स्थित मकान नंबर 76 में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों ने बताया कि पूर्व सैनिकों, पारिवारिक पेंशनभोगियों व अन्य हितधारकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यालय को नए एवं सुव्यवस्थित परिसर में शिफ्ट किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि डीपीडीओ एवं स्पर्श सेवा केंद्र का नियमित संचालन 23 मार्च से नए परिसर में प्रारंभ होगा। नए स्थान पर सेवाएं अधिक सुगम, सुलभ और व्यवस्थित रूप में प्रदान की जाएंगी, जिससे पूर्व सैनिक समुदाय को लाभ मिलेगा। कार्यालय ने इस स्थानांतरण के दौरान होने वाली किसी भी अस्थायी असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। साथ ही यह भी बताया गया कि यह बदलाव पूर्व सैनिकों के लिए अधिक अनुकूल और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व सैनिकों एवं संबंधित लाभार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे 23 मार्च से अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए नए पते पर संपर्क करें।

## बड़ागांव में गणगौर महोत्सव की छटा चरम पर, मेहंदी-सिंजारा संग परंपराओं का रंगारंग उत्सव

**झुंझुनू/बड़ागांव(निस)।** कस्बे में गणगौर महोत्सव पूरे उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शुक्रवार को मेहंदी की रस्म अदा की गई, जिसके साथ ही सिंजारा पर्व की धूम भी शुरू हो गई है। महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है–पारंपरिक वेशभूषा, गीत-संगीत और घूमर की थाप पर पूरा कस्बा झूम उठा। इन दिनों बड़ागांव में गणगौर महोत्सव की छटा अपने चरम पर है। जिन घरों में गणगौर का उद्यापन हो रहा है, वहां शादी जैसा माहौल बना हुआ है। गणगौर का आकर्षक श्रृंगार, हल्दी-मेहंदी की रस्में, महिला संगीत, घूमर नृत्य और विवाह से जुड़े नेगचार–हर एक आयोजन बेहद मनोहारी और भावपूर्ण नजर आ रहा है। विदाई के भावुक क्षण इस परंपरा को और भी जीवंत बना देते हैं।

# सड़क पर गड्ढ़ा बना परेशानी का सबब, प्रशासन मौन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की वनवे रोड पर पींचा पाटा से आगे ड्रेस सेंटर दुकान के आगे सड़क पर बीच में बना गड्ढ़ा लोगों के लिए परेशानी का सब बना हुआ है। जिम्मेदार लोग यहां से गुजर तो रहे हैं लेकिन इस खड्डे को देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। जिससे लोगों को इस खड्डे के कारण



आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ड्रेस सेंटर के भादरमल भाटी ने बताया कि यह खड्डा पिछले कुछ महीनो से ऐसे ही पड़ा है। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी भी इधर से ही गुजर रहे हैं और वह भी समस्या को देखकर इसको अनदेखा कर रहे हैं। हमने कई बार नगर परिषद में अधिकारियों को अवगत भी करवाया। लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं किया गया है। हमारी मांग है कि नगर परिषद अधिकारी इस समस्या को संज्ञान में लेकर इस सड़क पर कई जगह इस तरह के खड्डे हैं। जिनके कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है।

# मण्डावा में रमजान के आखिरी जुमे पर नमाज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** बिसाऊ मार्ग स्थित अबूब्रक मस्जिद में रमजान माह के आखिरी जुमे की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई एकत्र हुए और देश में अमन-शांति व भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। नमाज इमाम अब्दुल कादर ने अदा कराई। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए



कहा कि रमजान का पवित्र महीना समाप्त हो रहा है, लेकिन इसके नेक संदेशों को जीवन में उतारना चाहिए। मस्जिद के सदर हाजी एफजे खत्री ने बताया कि यह नमाज अमन, शांति और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से अदा की गई। उन्होंने सभी से एकजुट होकर देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। रमजान के इस पवित्र महीने में लोग उपवास, नमाज और दान-पुण्य से अपने जीवन को समृद्ध बनाते हैं। आखिरी जुमे की नमाज में मस्जिद में अच्छी भीड़ उमड़ी और नमाज के बाद दुआओं का सिलसिला जारी रहा। यह आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। इस अवसर पर मोहल्ले के बुजुर्गों और युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की।

# गणगौर स्नेह मिलन समारोह आज

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा राज परिवार की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को शाम साढ़े चार बजे मण्डावा गढ़ में गणगौर स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राज परिवार के प्रतिनिधि क्रमशः ठाकुर शिवार्जुन सिंह, ठा. अनिरूद्ध सिंह तथा ठा.अंगद देव सिंह सहित अंचल के जनप्रतिनिधि व गण मान्य लोग कार्यक्रम में शिरकत करेगें। इस दौरान गढ़ में गणगौर माता का मेला भरेगा तथा गणगौर की राज साही ठाठ से सवारी भी निकाली जाएगी। यह जानकारी पूर्व सरपंच गिरवरसिंह शेखावत ने दी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला 'मिशन मोड' प्रशिक्षण

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर फोकस



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पंचायत समिति सभागार में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के गुर सिखाए गए। सुमेरपुर परियोजना की सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर मातृ-शिशु पोषण से जुड़ी योजनाओं की बारीकियां समझीं। सीडीपीओ प्रकाश चंद्र ने कहा कि बदलती व्यवस्थाओं के बीच नियमित प्रशिक्षण जरूरी है, ताकि योजनाएं जमीनी स्तर पर बेहतर तरीके से लागू हो सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण, अमृत आहार, उड़ान, सुपोषण न्यूट्री किट, नंद घर और आदर्श आंगनबाड़ी जैसी योजनाओं को मिशन मोड में लागू करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रेरणा अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों का पोषण ट्रैकर ऐप पर पंजीकरण किया जा रहा है। पर्यवेक्षक प्रिया वर्मा ने आवेदन प्रक्रिया, फेस केवाईसी, पोषाहार वितरण और संपूर्णता अभियान 2.0 की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## नईम खान बने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग धौलपुर के जिला उपाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश पर राजस्थान प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एमडी चौकीदार ने बाड़ी तहसील निवासी नईम खान को धौलपुर जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नईम खान लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं। उनकी संगठन के प्रति निष्ठा और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पर नईम खान ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करेंगे।

## दीपों की रोशनी से नववर्ष का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारतीय नववर्ष (विक्रम संवत 2083) एवं चैत्र नवरात्रि के आगमन पर जीके सिटी स्थित श्री हीरामणि रघुनाथ मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ दीपदान कर नववर्ष का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को सैकड़ों दीपकों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण जगमगा उठा। कार्यक्रम में बाल-गोपालों ने दीपों की रोशनी से ओम, स्वास्तिक सहित विभिन्न धार्मिक आकृतियां बनाकर सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की गई। राणा प्रताप सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सुदृढ़ करने के साथ समाज में एकता और सकारात्मकता का संदेश देते हैं। वहीं सोनू गर्ग ने नववर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर महंत रामप्रकाश दास महाराज, नंदराम सैन, मुकेश सूतैल, देवीराम लोधी, सूबेदार सिंह, सतीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बाल-गोपाल उपस्थित रहे।

## ओंडेला रोड फायरिंग कांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, छात्रावास विवाद में चली थी गोली

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** ओंडेला रोड स्थित त्यागी छात्रावास में निर्माण कार्य को लेकर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के तहत आरोपी दिनेश त्यागी को पकड़ा गया है। इससे पहले इस प्रकरण में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना 29 जनवरी 2026 की है, जब विनोद कुमार (45) निवासी पहाड़ी, हाल निवासी लक्ष्मी नारायण बिहार कॉलोनी धौलपुर, त्यागी छात्रावास पर बैठे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर कर दिया। गोली उनके पैर के घुटने के ऊपर लगी, जिससे वे घायल हो गए। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य को रुकवाने के उद्देश्य से यह हमला किया। मामले में पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, वृताधिकारी कृष्णराज जांगिड के सुपरविजन तथा थानाधिकारी निहालगंज अमित शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए 18 मार्च 2026 को आरोपी दिनेश त्यागी (57) निवासी पहाड़ी, हाल निवासी लीला विहार कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच जारी है।

## तेज बारिश के साथ ओले गिरे, ठंडक बढ़ी

**मण्डावा(निस)।** अंचल में शुक्रवार शाम को तेज मेघ गर्जन के साथ बारिश और ओले गिरने के कारण मौसम बदल गया है। ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बारिश और ओले गिरने से फरवरी जैसी ठंडक हो गई है। शुक्रवार शाम को चने के आकार के ओले गिरे। इससे फसलों को नुकसान पहुंचा है।

# बाड़ी में नवरात्रा मेले का भव्य आगाज, श्रद्धा और उल्लास से गूंजा मेला ग्राउंड

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निस)। नवरात्रा महोत्सव 2026 के पावन अवसर पर बाड़ी स्थित महाराणा प्रताप स्टेडियम मेला ग्राउंड में आयोजित भव्य मेले का विधिवत शुभारंभ श्रद्धा, उल्लास के वातावरण में हुआ। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार मुकेश मीणा एवं विशिष्ट अतिथि कोतवाली थानाप्रभारी देवेन्द्र शर्मा रहे। शुभारंभ पंडित हरिद्वारी पाराशर की ओर से वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस



मौके पर होतम सिंह, राजकुमार भारद्वाज, हरी पहाड़िया, मंगल सिंह कुशवाह, सुरजीत सिंह गुर्जर, हरिदेव शर्मा, मुकेश परमार, मुकेश कोली सहित जनप्रतिनिधि, नगरपालिका अधिकारी- कर्मचारी, पुलिस प्रशासन, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मुकेश मीणा ने कहा कि मेले के सफल संचालन के लिए प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए स्वच्छता, पेयजल, रोशनी, चिकित्सा सुविधा और यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। वहीं थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा ने सुरक्षा को लेकर आश्वस्त करते हुए बताया कि मेले के दौरान चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था रहेगी। मेला परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा प्वाइंट बनाए गए हैं तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में मेले का आनंद ले सकें। अंत में अधिशाषी अधिकारी उत्तम चंद्र बंसल ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन, पत्रकारों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मेले के सफल आयोजन में सभी के सहयोग को सराहते हुए इसे नगर की एकता और सामूहिक भावना का प्रतीक बताया। मेले के शुभारंभ के साथ ही बाड़ी नगर में नवरात्रा महोत्सव की धूम शुरू हो गई है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर रहे हैं और मेले के विभिन्न आकर्षणों का आनंद ले रहे हैं। यह आयोजन आगामी दिनों में भी आस्था और उत्साह का केंद्र बना रहेगा।

## मातृत्व सेवाओं में जालोर अव्वल: भीनमाल सीएचसी को राज्य में प्रथम स्थान

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्य, राज्यस्तरीय समारोह में सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में जालोर जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भीनमाल ने गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए राज्य स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (सीफू) में आयोजित समारोह में अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला ने आरसीएचओ डॉ. राजकुमार बाजिया और बीसीएमओ डॉ. दिनेश विश्नोई को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी के निर्देशन, नियमित मॉनिटरिंग और कुशल प्रबंधन के चलते जिले में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एएनसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और बेहतर उपचार ने इस सफलता में अहम भूमिका निभाई। सीएचसी भीनमाल की टीम ने सामूहिक प्रयास और समर्पण के साथ कार्य करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर डॉ. भैराराम जाणी ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे जिले के लिए गर्व का विषय बताया और टीम को बधाई दी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया ने बताया कि अभियान के तहत जिले में गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, परामर्श और उच्च जोखिम मामलों की पहचान सुनिश्चित की जा रही है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिल रही है। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश विश्नोई ने कहा कि टीम के सतत प्रयासों से यह सफलता मिली है और आगे भी क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी। जिले में अभियान के तहत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा निरंतर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं दी जा रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयासों को बल मिल रहा है।

## जिला अस्पताल में ऑर्थोपेडिक वार्ड का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। जिला अस्पताल में अत्याधुनिक ऑर्थोपेडिक (अस्थि रोग) वार्ड का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने फीता काटकर वार्ड का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिंह सिकरवार भी मौजूद रहे। दौरान जिला कलक्टर ने वार्ड का निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने कहा कि इस नई सुविधा के शुरू होने से जिले के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विशेष रूप से दुर्घटना एवं हड्डी संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को अब बेहतर और त्वरित उपचार उपलब्ध होगा। उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए ऐसे प्रयास लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। पीएमओ डॉ. समरवीर सिंह ने बताया कि नवस्थापित ऑर्थोपेडिक वार्ड को जिला अस्पताल की चौथी मंजिल पर विकसित किया गया है, जिसे सर्जरी वार्ड से अलग रखा गया है। इसका उद्देश्य हड्डी से जुड़ी बीमारियों और दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को एक समर्पित, सुव्यवस्थित और त्वरित उपचार सुविधा उपलब्ध कराना है। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मुनेन्द्र गर्ग को वार्ड का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस वार्ड में फ्रैक्चर मरीजों के लिए प्लास्टर की सुविधा भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई है। पहले मरीजों को अन्य विभागों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब सभी आवश्यक सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलने से समय की बचत होगी और उपचार प्रक्रिया अधिक सुगम बनेगी।उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था से हड्डी रोगों के उपचार में तेजी आएगी और मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

## धौलपुर पुलिस की अनोखी पहल: पदयात्रियों के लिए जल सेवा केंद्र, सड़क सुरक्षा का दे रहे संदेश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार धौलपुर पुलिस द्वारा जनसेवा के साथ जनजागरूकता को जोड़ते हुए अभिनव पहल की जा रही है। इसी क्रम में 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' थीम के तहत बाड़ी थाना पुलिस द्वारा कैला देवी पदयात्रियों के लिए विशेष जल सेवा केंद्र संचालित किया जा रहा है। थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में बाड़ी-सरमथुरा हाईवे रोड पर कुंदन के अड्डे के पास थाना पुलिस, पुलिस मित्रों एवं सीएलजी सदस्यों के सहयोग से जल सेवा केंद्र संचालित किया जा रहा है। यहां से गुजरने वाले कैला देवी पदयात्रियों को जल, फल एवं आवश्यक दवाइयों की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे यात्रियों को राहत मिल रही है। इसके साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत पुलिस मित्रों एवं सीएलजी सदस्यों द्वारा पदयात्रियों को यातायात नियमों की पालना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जल सेवा केंद्र पर लगाए गए बैनर, पोस्टर, होर्डिंग एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से सड़क सुरक्षा, नशा विरोधी अभियान और साइबर क्राइम से बचाव संबंधी संदेश भी प्रसारित किए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा इस पहल के जरिए न केवल श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से आमजन में जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है। बाड़ी पुलिस की इस सराहनीय पहल की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है।

ग्राम विकास अधिकारियों का बड़ा ऐलान:

## 'पटेल नहीं तो काम नहीं' आंदोलन फिर होगा तेज, सरकार को दी सीधी चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर/सुमेरपुर।** प्रदेशभर में ग्राम विकास अधिकारियों का आक्रोश एक बार फिर उफान पर है। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि लंबित मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर 'पटेल नहीं तो काम नहीं' आंदोलन दोबारा जोर पकड़ेगा। संघ ने सरकार पर लगातार अनदेखी का आरोप लगाते हुए इसे अधिकारियों के अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया है। संघ के अनुसार पंचायत राज विभाग द्वारा नियमों में बार-बार बदलाव कर ग्राम विकास अधिकारियों के अधिकारों में कटौती की जा रही है, जबकि वर्षों से लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे पहले अप्रैल 2025 में शुरू हुआ आंदोलन आश्वासन के बाद स्थगित किया गया था, लेकिन अब तक समाधान नहीं होने से अधिकारियों में भारी नाराजगी है। मामले को और गरमाते हुए संघ ने 19 मार्च 2026 को जारी आदेश पर भी सवाल उठाए हैं, जिसमें 20 मार्च को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित करने के निर्देश दिए गए। संघ का कहना है कि पंचायत राज अधिनियम 1994 के तहत ग्राम सभा आयोजन के लिए पूर्व सूचना और निर्धारित प्रक्रिया जरूरी है, लेकिन महज 24 घंटे में ग्राम सभाएं कराने के आदेश से नियमों की अनदेखी हो रही है। संघ ने चेताया कि जल्दबाजी में ग्राम सभाएं कराने से अधिकारी कानूनी विवादों में फंस सकते हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। साथ ही यह भी कहा गया कि ग्राम सभा के सफल आयोजन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक होता है, जो इतने कम समय में संभव नहीं है। आंदोलन को लेकर संघ ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से विरोध तेज किया जाएगा। 8 अप्रैल 2026 को जयपुर में विशाल रैली निकालकर सरकार को ताकत दिखाने की तैयारी है, वहीं जिला स्तर पर कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि 6 वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन उग्र रूप लेगा, जिससे पंचायत व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

## राजस्थान दिवस पर धौलपुर में सजी सांस्कृतिक संध्या, कलाकारों ने बांधा समां

### लोकगीत, नृत्य, भजन व काव्य प्रस्तुति से गूंजा टाउन हॉल, कच्ची घोड़ी नृत्य बना आकर्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान दिवस के अवसर पर नगर परिषद टाउन हॉल में गुरुवार को भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी मौजूद रहे। इस दौरान जिले के प्रतिभाशाली कलाकारों एवं कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसे नवीन लखेरा ने प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात शीतल सरनाम ने लोकगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। रजनी कंवर ने भजन प्रस्तुति से भक्ति रस की धारा प्रवाहित की, वहीं राजा कंसाना ने राजस्थानी लोक नृत्य से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मिथिलेश लखेरा ने ब्रज लोकगीत प्रस्तुत किया, जबकि आशिष वर्मा ने काव्य पाठ के माध्यम से अपनी साहित्यिक प्रतिभा का परिचय दिया। रजनी कंवर ने पुनः ब्रज लोक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। लक्ष्मण कोली ने भजन संध्या में मधुर स्वर बिखेरे, वहीं रजनी शाक्य ने पद्य पाठ कर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में यशोदा नंदन शर्मा की ओर से कच्ची घोड़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने लोक संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। समापन पर नवीन लखेरा ने 'मधुर गान और धुनों का संगम' प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। लक्ष्मण कोली ने बम वादन से कार्यक्रम में अलग ही ऊर्जा का संचार किया। इस दौरान राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन भी किया गया। उप निदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने भी गायन प्रस्तुति देकर सभी को अभिभूत किया।

# एसपी विकास सांगवान ने रैहना वाली माता मेले की सुरक्षा व्यवस्था परखी, थाना मनियां का भी किया निरीक्षण

### श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के दिए निर्देश, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण पर जोर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने शुक्रवार देर शाम रैहना वाली माता मंदिर पहुंचकर नवरात्रि के तहत आयोजित ऐतिहासिक मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं पुलिस बंदोबस्त का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर



मौजूद पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। एसपी ने मेले में आने वाले वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी रखने तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान वृताधिकारी वृत्त मनियां खलील अहमद एवं थानाधिकारी दिहोली हरी सिंह चौहान सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिस थाना मनियां पहुंचकर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों से संवाद करते हुए थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वृताधिकारी खलील अहमद एवं थानाधिकारी मनियां नीरज शर्मा सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

## चूरू की सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करेगा चूरू महोत्सव : राठौड़

### चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर चूरू महोत्सव, सांस्कृतिक संध्या, कलाकारों ने बांधा समां

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार देर शाम चूरू महोत्सव के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर बागला स्कूल खेल मैदान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने समां बांध दिया। कलाकार समूह क्रेजी हुपर्स ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व शहरवासियों ने शिरकत कर कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विशेष संयोग का दिन है, इस दिन राजस्थान दिवस भी है और नववर्ष का भी आरंभ होता है। उन्होंने धार्मिक संदर्भ देते हुए कहा कि धर्मग्रंथों के अनुसार आज ही भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था। यह महोत्सव चूरू की सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करेगा और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि चूरू महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत, सद्भाव और परंपराओं को सहेजने और लुप्त होती संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का माध्यम हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान नई विकास गाथा लिख रहा है। राजस्थान में विकास दर और आमजन की आय में वृद्धि हो रही है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि नई सोच और नई ऊर्जा के साथ चूरू महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि चूरू की पहचान और उसकी सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव है। जिला कलक्टर सुराणा ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सांस्कृतिक संध्या में शमा फोक म्यूजिक बैंड जैसलमेर द्वारा राजस्थान लोक संगीत, विश्व प्रसिद्ध ट्रम्पैट प्लेयर आमिर बिहाणी, क्रेजी हॉपर्स व बॉलीवुड सूफी फ्यूजन रॉक बैंड आदि ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख वंदना आर्य, एडीएम अर्पिता सोनी, पूर्व उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, पूर्व प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा, पराक्रम राठौड़, एसडीएम सुनील कुमार, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, विमला गढ़वाल, अभिषेक चोटिया, आयुक्त अभिलाषा सिंह, तहसीलदार अशोक गोरा, भास्कर शर्मा, सीपी शर्मा, सुरेश सारस्वत सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि व शहरवासी उपस्थित रहे।

## भगवा रैली को लेकर बैठक संपन्न, 25 मार्च को निकलेगी रैली



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** रामनवमी की पूर्व संध्या पर शहर में 25 मार्च को प्रस्तावित भगवा रैली को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि बैठक पवन गोयनका व गिरधारी लाल जाजोदिया के सानिध्य में आयोजित हुई, जिसमें रैली की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में वार्ड नंबर 32 के लिए नितेश गौतम एवं विकास सैनी को भगवा रैली का संयोजक नियुक्त किया गया। साथ ही विक्रम सैनी, हिमांशु सैनी, मयंक सैनी, आलोक बिजारणिया, मोहित व हर्षित को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।इस दौरान भगवा रक्षा वाहिनी के उपाध्यक्ष राजेश जोशी सहित सुरेश बीबीपुरिया, निखिल शर्मा, वशिष्ट, नवीन बोचीवाल, हिमांशु चोटिया, महेश सेन, राकेश सेन, वीरेंद्र भार्गव, राज जोशी, सर्व ब्राह्मण महासभा के महामंत्री विष्णु कुदाल, अंकित जोशी व चिराग पुजारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए अगली बैठक 22 मार्च को आयोजित की जाएगी, जिसमें नगर के लोग भी शामिल होंगे।

## स्वाति रजत एशिया कप के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम में चयनित




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कलकत्ता के साईं स्टेडियम में आयोजित हुई चयन स्पर्धा में राजस्थान के रजत और स्वाति ने भारतीय टीम में जगह बनाई है। 21 मार्च से 28 मार्च तक थाईलैंड के बैंकॉक शहर में एशिया कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान के योगेन्द्र सिंह भारतीय टीम के कोच होंगे। योगेन्द्र सिंह ने बताया की भारतीय टीम बहुत ही मजबूत टीम है और भारतीय टीम ने एशिया कप के लिए पुणे के आर्मी सेंटर में दिनांक 25 फरवरी से 5 मार्च तक एवं 6 मार्च से 20 मार्च तक कोलकाता में अभ्यास किया है।खास बात रजत और स्वाती राजस्थान के पहले पति-पत्नी हैं, जो साथ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्वाति राजस्थान के सचिवालय में कार्यरत हैं और रजत राजस्थान पुलिस में डीएसपी पद पर कार्यरत है।

## 201 लोगों को बांटे पक्षियों के लिए घोंसले



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी के नेतृत्व में पर्यावरण प्रेमी नरेंद्र पारीक के सहयोग से गांधी चैक में 201 घोंसलों का वितरण किया गया। इस दौरान नरेंद्र पारीक व उनकी पत्नी गायत्री देवी का भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, निवर्तमान पार्षद मनोज पारिक, भाजपा नेता कमल दाधीच, रेखा सोनी द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया। नरेंद्र पारीक ने बताया कि उनकी पत्नी गायत्री पारीक द्वारा घर पर ही मेहनत करते हुए ये घोंसले तैयार किए जाते हैं। युवा मोर्चा हिमांशु भाटी ने कहा कि गौरेया संरक्षण की दिशा में नरेंद्र पारीक और उनके परिवारजनों की मुहीम प्रेरणास्पद है। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री प्रकाश भार्गव, निवर्तमान पार्षद पंकज घासोलिया, दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, नवरत्न पारीक, बबलू सामरिया, वरुण पारीक, श्लोक पारीक, संदीप जोशी, केशव रिनवा, ललित सामरिया, मनु सामरिया, ललित गुर्जर, कैलाश प्रजापत आदि लोग उपस्थित रहे।

## मण्डावा में रोजा इफ्तार पार्टीः देश में अमन-चैन की दुआ मांगी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** फतेहपुर मार्ग स्थित लीलगरान मस्जिद में शुक्रवार शाम को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। रमजान माह के अंतिम चरण में शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में कस्बे और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इफ्तार के समय सभी रोजेदारों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला। इस दौरान आपसी भाईचारे, एकता और सौहार्द का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का माहौल धार्मिक और सौहार्दपूर्ण रहा, जिससे लोगों के बीच मेलजोल बढ़ा। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने एक साथ इबादत की। नमाज के समापन पर सभी रोजेदारों ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और सलामती के लिए विशेष दुआएं मांगीं। इस अवसर पर क्षेत्र के कई व्यक्ति भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस आयोजन की सराहना की। आयोजक सलामुदिन रंगरेज ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

## गैस सिलेंडर किल्लत पर प्रशासन सख्त, एसडीएम ने किया निरीक्षण, 3 सिलेंडर जब्त

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की लगातार बनी किल्लत को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा लगातार स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को उन्होंने एक बार फिर शहर की गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने एजेंसियों पर लगी लंबी कतारों का जायजा लिया और लाइन में खड़े उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कई उपभोक्ताओं ने घंटों इंतजार के बावजूद सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर उपखंड अधिकारी ने एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जाए।एसडीएम ने गैस एजेंसी संचालकों को भीड़ नियंत्रण के लिए टोकन व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक लंबा इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि टोकन प्रणाली से वितरण में पारदर्शिता आएगी और लोगों को निश्चित समय पर गैस उपलब्ध कराई जा सकेगी।
निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने शहर के बाजार क्षेत्र में भी कार्रवाई की। यहां दो मिठाई की दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 3 सिलेंडर जब्त किए गए। एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करना नियमों के विरुद्ध है और इस तरह की अनियमितताओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा के साथ लक्ष्मणगढ़ थाना अधिकारी राजाराम लेघा, एएसआई महेश स्वामी, एसडीएम के पीए राजपाल चौधरी व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## हाइवे पर गड्ढों से खतरा बढ़ा, सात्युँ चौराहे पर हादसे का मंडरा रहा साया

### पाइपलाइन कार्य के बाद मरम्मत नहीं, मिट्टी डालकर छोड़ने से बदहाल हुई सड़क



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)** दिल्ली-बीकानेर हाईवे-6 पर स्थित सात्युँ चौराहे के पास बने बड़े-बड़े गड्ढे अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण यहां हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार जलदाय विभाग के ठेकेदार पाइपलाइन डालने और लीकेज ठीक करने के नाम पर बार-बार सड़क को तोड़ देते हैं। कार्य पूरा होने के बाद सड़क की उचित मरम्मत नहीं करवाई जाती, बल्कि केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया जाता है। इससे सड़क दिन-ब-दिन और अधिक क्षतिग्रस्त होती जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले सर्किल क्षेत्र में पाइपलाइन लीकेज ठीक करने के लिए जेसीबी मशीन से सड़क को खोदा गया था। उस दौरान बने गड्ढों की अब तक मरम्मत नहीं की गई, जिससे सर्किल के चारों ओर हाईवे पूरी तरह से उखड़ा हुआ नजर आता है। यह मार्ग तारानगर को जिला मुख्यालय और राजधानी से जोड़ने वाला प्रमुख हाईवे है, जिस पर दिनभर भारी यातायात रहता है। इसके बावजूद विभागीय उदासीनता के चलते सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। वाहन चालकों को रोजाना इन गड्ढों के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति और भी जोखिम भरी बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## चूरू महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं, दिखाया उत्साह




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने व सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला मुख्यालय पर बागला स्कूल खेल मैदान में पंच गौरव योजना के तहत चूरू महोत्सव 2026 के दूसरे दिन बागला स्कूल खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। शुक्रवार को समारोह स्थल पर कला मंच ने वादन, गायन, लोक गीत गायन, एकल नृत्य व रस्साकसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रस्सा-कस्सी में प्रतिभागियों ने जबरदस्त दमखम और टीम भावना का परिचय दिया। वहीं एकल नृत्य प्रतियोगिता में कलाकारों ने अपनी अभिव्यक्ति और भाव-भंगिमा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### यह रहे विजेताः

शुक्रवार को आयोजित वादन प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में गौरव दाधीच प्रथम, वंश जांगिड़ द्वितीय, सीनियर वर्ग में रितेश प्रजापत प्रथम, जिग्नेश पांडे द्वितीय, डॉ. कमल वशिष्ठ तृतीय, एकल गायन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में वंश सिंह प्रथम, अनाया खेमका द्वितीय, अमूल्या वर्मा तृतीय, सीनियर वर्ग में अलंकृता वर्मा प्रथम, रितेश प्रजापत द्वितीय, डॉ. कमल वशिष्ठ तृतीय, लोक गीत गायन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में रितेश प्रजापत प्रथम, अंकुशा द्वितीय, रजनी प्रजापत तृतीय, एकल नृत्य प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में अनुष्का जांगिड़ प्रथम, कनिका चौधरी द्वितीय, माधव शर्मा तृतीय, सीनियर वर्ग में सोनू प्रथम, लक्ष्मी शर्मा द्वितीय, आदित्य सोनगरा तृतीय व रस्साकसी (समूह) प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में हरिप्रसाद सैनी की टीम प्रथम तथा महिला वर्ग में रिषिका की टीम प्रथम व ज्योति की टीम द्वितीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में एकता शर्मा, ऋतु दाधीच, पूनम हर्षवाल, नरेश, लक्ष्मी शर्मा, अभिलाषा भाटी, दीपिका शर्मा, शैलेंद्र माथुर, राजकुमार शर्मा, प्रभुदयाल सैनी, देवकीनंदन, शेरसिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी, बजरंग हर्षवाल और शिवकुमार शर्मा ने किया।

## भाजपा ने नीतियों और परम्पराओं से कभी समझौता नहीं किया: राठौड़

### भाजपा नगर मण्डल उत्तर व दक्षिण के दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय जैन गेस्ट हाउस में भाजपा नगर मण्डल उत्तर व दक्षिण की पं. दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, जिला मंत्री दीनदयाल सैनी मंचस्थ अतिथि रहे। समापन सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भाजपा के इतिहास और विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक समय भारतीय जन संघ के रूप में पार्टी ने राष्ट्र निर्माण के लिए कुछ कार्यकर्ताओ के साथ कार्य प्रारंभ किया, जो अब एक विशाल वट वृक्ष का रूप ले चुका हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी अपनी नितियों और परम्पराओं से समझौता नहीं किया। इससे पूर्व प्रशिक्षण उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि पार्टी विद द डिफरेन्स के रूप में भाजपा को जाना जाता है, जिसका मूल कारण भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अनुशासित तरीके से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि यह हम सब कार्यकर्ताओं के लिए आनंद का विषय है कि हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व है। इस अवसर पर जिला महामंत्री पराक्रम सिंह राठौड़ ने पार्टी की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा एक वैचारिक पार्टी है और इस प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को बहुत कुछ सिखने को मिला। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं ने भाजपा का इतिहास और विकास, वैचारिक अधिष्ठान, सोशल मीडिया जैसे विषयां पर चर्चा की। वरिष्ठ नेता ओम सारस्वत, नरेन्द्र काछवाल, बजरंग गुर्जर, भारत पारीक, रमेश शर्मा ने विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इस अवसर पर कमल सैनी, किशन किरोड़ीवाल, सोहन सहारण, गोपाल बालाण, हरिश वर्मा, नीरज जांगिड़, राजीव शर्मा, सुरेश मिश्रा, अजय तंवर, अशोक तंवर, प्रकाश नायक, जयपाल सिंह टकणेत, ओमसिंह शेखावत, आकाश सैनी, ओम इन्दोरिया, ममता जोशी, सरिता जोशी, निरंजन वर्मा, रजत शर्मा, रचना कोठारी, नितिन हटवाल, पवन चांवरिया, सीपी शर्मा, सुरेन्द्र बावलिया, गजानंद गौड़, शोभा चौधरी, विमला गढ़वाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीडवाना-कुचामन की कमान अब रिक्की सिंह हंतरा के हाथों में, संगठन को नई मजबूती देने का भरोसा

### महिला कांग्रेस ने जताया विश्वास-अनुभव और सक्रियता के दम पर बढ़ाएंगी संगठन का विस्तार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम निर्णय लेते हुए महासचिव रिक्की सिंह हंतरा को डीडवाना-कुचामन जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देशानुसार की गई है। रिक्की सिंह हंतरा संगठन में अपनी सक्रियता, मजबूत कार्यशैली और जमीनी पकड़ के लिए जानी जाती हैं। इससे पूर्व वे भीलवाड़ा जिले की प्रभारी के रूप में सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभा चुकी हैं, जहां उन्होंने संगठन को मजबूत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनकी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश महिला कांग्रेस नेतृत्व को विश्वास है कि रिक्की सिंह हंतरा अपने अनुभव, ऊर्जा और समर्पण के बल पर डीडवाना-कुचामन जिले में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी। खासतौर पर महिला सशक्तिकरण, संगठन विस्तार और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। इस नियुक्ति पर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में जिले में संगठनात्मक गतिविधियां और अधिक सशक्त होंगी तथा महिला कार्यकर्ताओं को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। नियुक्ति के बाद रिक्की सिंह हंतरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ना और पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाना रहेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे कार्यकर्ताओं के सहयोग से डीडवाना-कुचामन जिले में संगठन को नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।